वार्षिक प्रतिवेदन
2014 - 15

NIEPMD

राष्ट्रीय बहुविकलांग व्यक्ति अधिकारिता संस्थान
(एनआईईपीएमडी)
(अशक्तता मामलों का विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार)
ईसीआर, मुट्टुक्काडु, कोवळम् (पीओ), चेन्नै - 603 112
दूरभाष : 044-27472113 / 2046, फैक्स : 044-27472389
ई मेल : niepmd@gmail.com वेबसाइट : www.niepmd.tn.nic.in

विषय सूची

अध्याय सं.	विषय	पृष्ठ संख्या
	2014–2015 के दौरान एनआईईपीएमडी के कार्यकलापों का संक्षिप्त विवरण	
1	प्रस्तावना	1
2	संगठनात्मक संरचना	5
3	मानव संसाधन विकास 3.1 दीर्घकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम 3.2 अल्पकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम 3.3 कार्यशालाओं/सम्मेलनों/संगोष्ठियों शिक्षकगणों/अधिकारियों की सहभागिता	8
4	सेवाएँ	16
5	सहायक उपकरणों की खरीद/फिटिंग हेतु निःशक्तजनों की सहायता (एडिप) सेवाएँ	55
6	अनुसंधान और विकास	57
7	महत्वपूर्ण घटनाएँ	66
8	प्रशासन	84
9	उत्तर पूर्वी राज्यों के कार्यक्रम	90
10	विकलांग व्यक्तियों के लिए संयुक्त क्षेत्रीय केन्द्र	103
11	ऑडिट रिपोर्ट तथा वार्षिक खाता	109
	संलग्नक 1 अल्पकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विवरण 2 कार्यशालाओं/सम्मेलनों/समारोहों में प्रतिभाग करने वाले फैकल्टी सदस्यों/अधिकारियों की सूची	i xiii

2014–2015 के दौरान एनआईईपीएमडी के क्रियाकलापों का संक्षिप्त विवरण

राष्ट्रीय बहुविकलांग व्यक्ति अधिकारिता संस्थान विकलांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, की स्थापना 2005 में ईसीआर, मुट्टुक्काडु, चेन्नई, तमिलनाडु में हुई। इसका मुख्य उद्देश्य बहुविकलांग व्यक्तियों के रिसोर्स केन्द्र के रूप में कार्य करना था। विकलांगजन अधिनियम 2005 के अन्तर्गत अल्पदृष्टि, अंधता, चलन विकलांगता, श्रवण बाधिता, मानसिक मंदता, मानसिक रूग्णता तथा कुष्ठ रोग मुक्त व्यक्ति आते हैं। इसी प्रकार राष्ट्रीय न्यास अधिनियम 1999 के अन्तर्गत प्रमस्तिष्किय पक्षाघात, स्वलीनता, मंदता तथा बहुविकलांगता आते हैं। 2014–2015 के दौरान एनआईईपीएमडी ने अनेक कार्य किये। कुछ का वर्णन निम्नवत है।

प्रमुख भ्रमण

श्रीमती स्तुति कक्कड़, सचिव भारत सरकार, विकलांगता मामलों का विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के एनआईईपीएमडी मे 23 अप्रैल 2014 को भ्रमण किया और बहुविकलांग व्यक्तियों को दिये जानेवाले विभिन्न सेवा कार्यकलापों का पुनरीक्षण किया।

प्रो. सुदेष मुखोपाद्याय, अध्यक्ष, आरसीआई ने 7 अप्रैल 2014 को एनआईईपीएमडी में भ्रमण किया। उस समय डा. नीरदा चन्द्रमोहन, निदेशक, एनआईईपीएमडी ने उनको विभिन्न विभागीय कार्यकलापार्पे का विवरण दिया। आरसीआई के अध्यक्ष ने भारत सरकार की केन्द्र खण्ड छात्रवृत्ति योजना के अधीन योग्य अनुसूचित जाति के छात्रों को 'लेपटॉप' वितरित किये।

माननीय मंत्री श्रीमती उमा देवी, महिला और बाल विकास, उड़ीसा सरकार और श्रीमती कस्तूरी मोठपात्रा, राज्य निःषक्तता आयुक्त, उड़ीसा सरकार ने एनआईईपीएमडी में 25 अगस्त 2014 को भ्रमण किया।

29 जनवरी 2015 को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता पर संसद की स्टेंडिंग समिति ने श्री रमेश की अध्यक्षमता में अन्य राज्यसभा एवं लोकसभा सदस्यों के साथ एन.आई.इ.पी.एम.डी. का भ्रमण किया तथा बहुविकलांग व्यक्तियों के लिए उपलब्ध सेवाओं की समीक्षा की।

प्रमुख महोत्सव / जागरूकता अभियान

एनआईईपीएमडी ने 2 अप्रैल 2014 को स्वलीनता जागरूकता दिवस मनाया। उक्त अवसर पर एनआईईपीएमडी ने स्वलीन व्यक्तियों के लिए 1 अप्रैल 2014 को चित्रांकन प्रतियोगिता आयोजित की। चेन्नई में और निकटस्थ स्थानों पर स्वलीन दिवस के बैनर लगाये गये। स्वलीनता जागरूकता पर पैम्फलेट दिये और दैनिक समाचार पत्रों में भी छपवाये। 2 अप्रैल 2014 को स्वलीनता के और अन्य विकलांगों तथा प्रशिक्षणार्थी छात्रों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर डॉ. अन्बुदुरै, मनोवैज्ञानिक, हिन्दू मेडिकल मिशन, चेन्नई मुख्य अतिथि रहे। चित्रांकन प्रतियोगिता विजेताओं के मुख्य अतिथि ने पुरस्कार वितरित किये।

- एनआईईपीएमडी ने डॉ. हेलन केलर का 134वाँ जन्मदिवस 27 जून 2014 को मनाया। इस अवसर पर एनआईईपीएमडी ने बधिरांधता (आँखों पर पट्टी बाँधने और कान में टेंठी लगाने का कार्यकलाप) पता लगाने के अनुरूपण कार्यक्रमों का आयोजन किया। डॉ. हेलन केलर (मिरकिल वर्कर) की फिल्म दिखायी गयी और 20 सीडी प्लेयर और 20 श्रवण यन्त्र विकलांग व्यक्तियों को वितरित किये गये। प्रो. जयचन्द्रन, निदेशक, विजय ह्यूमन सर्विसेस, चेन्नई उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि रहे।

- महात्मा गाँधी का जन्म दिवस स्मरणोत्सव 2 अक्टूबर 2014 को मनाने के उपलक्ष्य में स्वच्छ भारत अनुपालन की शपथ लेने के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार एनआईईपीएमडी ने स्वच्छ भारत रैली का आयोजन किया। डॉ. नीरदा चन्द्रमोहन, निदेशक ने एनआईईपीएमडी के कर्मचारियों को स्वच्छ भारत की शपथ दिलायी और कर्मचारियों द्वारा एनआईईपीएमडी परिसर के अन्दर और निकटस्थ स्थानों पर स्वच्छता कार्य भी चलाया गया।

- एनआईईपीएमडी ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया। इस अवसर पर स्मरणोत्सव में एनआईईपीएमडी ने 10 से 16 अक्टूबर 2014 तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। 10 व 14 अक्टूबर 2014 को एनआईईपीएमडी के आदर्श विद्यालय के बच्चों, व्यावसायिक प्रशिक्षण के छात्रों और सामान्य विद्यालय के बच्चों के लिए पुतली का नाच और तंत्र प्रदर्शन का आयोजन किया गया। अतिथि शिक्षकों, सहायक कर्मचारियों, गृह रक्षा और सुरक्षा कर्मचारियों के लिए एक भाषण प्रदर्शन आयोजित किया गया। "विकलांग पुनर्वास में संज्ञानात्मक मूल्यांकन" पर एक कार्यशाला मनोविज्ञान में स्नातक और स्नातकोत्तर के छात्रों के लिए 14–15 अक्टूबर 2014 को चलायी गयी।

- एनआईईपीएमडी द्वारा विकलांग व्यक्तियों का अन्तर्राष्ट्रीय दिवस विभिन्न कल्याण कार्यकलापों और कार्यक्रमों द्वारा मनाया गया। समारोह के क अंग के रूप में एनआईईपीएमडी ने विकलांग व्यक्तियों, अभिभावकों, कर्मचारियों और प्रशिक्षणार्थियों के लिए 24 से 28 नवम्बर 2014 तक खेलकूद कार्यक्रमों का आयोजन किया। सेन्ट जोसफ हायर सैकण्डरी स्कूल, कोवलम, चेन्नई के छात्रों के लिए 1 दिसम्बर 2014 को चित्रांकन प्रतियोगिता आयोजित की गयी और कोवलन, चेन्नई के एमटीसी बस ड्राइवरों के लिए विकलांग का बोध कार्यक्रम चलाया गया। 2 दिसम्बर 2014 को पद्दूर से केलम्बाक्कम तक बोध रैली आयोजित की गयी। दिसम्बर 2014 को एनआईईपीएमडी ने विकलांग व्यक्तियों का सम्मान किया। डा. विरुदगिरिनाथन, शिक्षा तान्त्रिक मनोवैज्ञानिक, चेन्नई उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे। छात्रों और विकलांग व्यक्तियों के लिए विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम चलाये गये। विजेताओं को पुरस्कार दिये गये।

- स्वच्छ भारत मिषन के अंग के रूप में एनआईईपीएमडी ने 19 फरवरी, 2015 को एनआईईपीएमडी के परिसर के पीछे स्वच्छता कार्यक्रम चलाया।

मुख्य आयोजित कॉन्फरेंसेज/वर्कशाप/खेल मिलान

विकलांगता मामलों के विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, एनआईईपीएमडी, मणिपुर के स्पास्टिक सोसायटी और वी केयर फिल्म फेस्ट संयुक्त तत्वाधान में 20 मई, 2014 को जी.एम. हाल, मणिपुर में विकलांगता आधारित फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। रूपचन्द्र, संयुक्त सचिव, समाज कल्याण, मणिपुर सरकार इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे। श्री रमेश चन्द्रा, विधि सचिव, मणिपुर सरकार और विभिन्न विभागों से जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। विभिन्न विकलांगता उन्मुख मुद्दों के बारे में 12 राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय फिल्मों का प्रदर्शन हुआ तथा 500 से अधिक व्यक्तियों ने भाग लिया।

एन.आई.ई.पी.एम.डी. तथा भारतीय उद्योग संघ के संयुक्त तत्वाधान में 22 अगस्त, 2014 को "सहायक पुनर्वास तकनीकि : विकसित गुणवत्तापरक जीवन हेतु समावेषी तकनीकि" विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। एन.आई.ई.पी.एम.डी. ने इस अवसर पर स्टाल लगाया। इसमें टी.एल.एम. तथा अन्य सहायक उपकरणों का प्रदर्शन किया गया।

9–10 अक्टूबर, 2014 को बहुविकलांग व्यक्तियों के समशक्तीकरण विषय पर गोवा में राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

एन.आई.ई.पी.एम.डी., विकलांगता मामलों में विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार ने "बहुविकलांग व्यक्तियों का सशक्तीकरण : बहुविकलांग व्यक्तियों के लिए सुगम शिक्षा" विषय पर 29–30 अक्टूबर, 2014 को एक अंतर्राश्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री थावरचंद गहलोत द्वारा किया गया है।

भारतीय शिषु कल्याण परिषद्, तमिलनाडु और एनआईईपीएमडी ने मिलकर एनआईईपीएमडी सम्मेलन कक्ष मे 19 नवंबर 2014 को "विकलांग बच्चों की सुरक्षा वृद्धि पर राज्य स्तर की परिचर्या" पर एक कार्यशाला आयोजित की गयी।

एनआईईपीएमडी ने उदयपुर, त्रिपुरा में 3–4 जनवरी, 2015 को बहुविकलांग व्यक्तियों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता और बुद्धिमता क्षति का आयोजन किया। लगभग 200 प्रतिभागियों ने खेलकूद की विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

एनआईईपीएमडी ने विशेष शिक्षा के प्रशिक्षणार्थियों के लिए द्वितीय राष्ट्रीय स्तर की खेलकूद प्रतियोगिता 16 से 18 जनवरी, 2015 तक एनआईईपीएमडी में और तमिलनाडु भौतिक शिक्षा और खेलकूद विष्वविद्यालय चेन्नई में आयोजित की। श्री डब्ल्यू.आई. देवारम, आईपीएस, पुलिस महानिदेशक (सेवानिवृत्त), अध्यक्ष–तमिलनाडु अथेलिटिक एसोसिएषन, मुख्य अतिथि रहे और डॉ. एम.एस. नागराजन, वरिष्ठ प्रबन्धक, विशेष ओलम्पिक्स एषिया पैसिफिक रीजन विशेष अतिथि थे।

- एनआईईपीएमडी ने ''विकलांग व्यक्तियों के पूर्ण सम्मिलन के लिए शिक्षा और खेलकूद में सहयोगशील तकनीक'' विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी 6–7 फरवरी, 2015 को आयोजित की। विकलांग प्रबन्धन और विशेष शिक्षा के शिक्षक, रामकृष्ण मिषन विवेकानन्द विश्वविद्यालय, कायेम्बटूर ने सहयोग दिया। एनआईईपीएमडी ने राष्ट्रीय संगोष्ठी में स्टाल भी लगाया।

- एनआईईपीएमडी ने ''बहुविकलांग व्यक्ति का प्रबन्धन'' विषय पर 11 से 20 मार्च, 2015 तक गुवाहाटी, शिवसागर, जोरहाट, गोलाघाट, तेजपुर और मोरीगाँव में कार्यशाला का आयोजन किया।

- एनआईईपीएमडी ने सामाजिक न्याय और जनजाति मामलों का विभाग, अरुणाचल प्रदेश के सहयोग के साथ 19 मार्च, 2015 को जूबिली बैंक्वेट हाल, ईटानगर में ''बहुविकलांगों पर क्षेत्रीय सम्मेलन'' का आयोजन किया। उक्त सम्मेलन में कुल 72 प्रतिभागियों ने भाग लिया। वे प्रतिभागी सर्व शिक्षा अभियान, रामकृष्णमिशन अस्पताल, अरुणाचलप्रदेश अंगहीन कल्याण समाज, प्रान्तीय अस्पताल के नर्स और डाक्टर थे।

- एन.आई.ई.पी.एम.डी. तथा स्पाष्टिक सोसाइटी, सिक्किम के संयुक्त तत्वाधान में 23–24 मार्च, 2015 को विकलांग जन हेतु राज्यस्तरीय खेल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री टिका गुरूंग, सिक्किम सरकार के मुख्य सलाहकार थे। लगभग 150 विकलांगजनों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

- एन.आई.ई.पी.एम.डी. ने बेथानि सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में ''बहुविकलांगता की पहचान प्रबंधन'' विषय पर 27–28 मार्च, 2015 को षिलांग, मेघालय में एक कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में लगभग 183 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

प्रमुख शैक्षिक कार्यक्रम

- बी.एड विशेष शिक्षा (एमडी) का द्वितीय उपाधिग्रहण उत्सव 16 अप्रैल 2014 को एनआईईपीएमडी में हुआ। सुश्री किरण पुरी, आईएएस, जेएस व एफए, एमएसजे व ई, भारत सरकार, मुख्य अतिथि रहीं और प्रो. वी.एस. सुन्दर, इंस्टिट्यूट ऑफ मैथमेटिकल साइन्सेस, चेन्नई उक्त अवसर पर विशेष अतिथि थे। लगभग 25 स्नातकों ने डिग्री प्रमाण पत्र प्राप्त किये। एनआईईपीएमडी के पुराने छात्रों का मिलन भी 16 अगस्त 2014 को आयोजित किया गया।

उदघाटन समारोह

- एनआईईपीएमडी में 26 सितम्बर 2014 को जल चिकित्सा पूल और एथलेटिक ट्रैक की आधारशिला स्थापना समारोह 26 सितम्बर 2014 को मनाया गया। माननीय मंत्री श्री थावर चंद गहलोत, एमएसजे व ई, भारत सरकार ने माननीय राज्य मंत्री सुदर्शन भगत, एमएसजे व ई, भारत सरकार की उपस्थिति में आधारशिला रखी। विकलांग व्यक्तियों को दी जानेवाली विभिन्न सेवाओं का मंत्रियों ने भ्रमण कर अवलोकन किया तथा उक्त समारोह में मंत्रियों ने ''बधिरांधता'' शीर्षक पर एक पुस्तक का विमोचन किया।

एनआईईपीएमडी ने अपने विस्तार केन्द्र 3 दिसम्बर 2014 और 6 दिसम्बर 2014 को शिक्षा वातावरण सामाजिक और स्वास्थ्य कार्य की समिति (सीषा) और अश्विनी सोसाइटी और रोटरी क्लब ऑफ गुडलूर, क्रमशः वानगरम, चेन्नई और गूडलूर में शुरू किये।

विकलांग व्यक्तियों के रेस्पाइट केयर सेन्टर एनआईईपीएमडी का 19 दिसम्बर 2014 को उद्घाटन किया गया। कलैमामणि एच. रामकृष्णन, वायोलिन वादक और भूतपूर्व निदेशक (नयी इकाई), दूरदर्शन, चेन्नई ने उद्घाटन किया। प्रो. पी. रामचन्द्रन, निदेशक, विजय ह्यूमन सर्विसेज चेन्नई विशेष अतिथि थे।

एनआईईपीएमडी ने स्पास्टिक सोसाइटी ऑफ सिक्किम, गैंगटॉक के सहयोग के साथ मिलकर गैंगटॉक में विस्तार केन्द्र शुरू किया। विस्तार केन्द्र का उद्घाटन समारोह 20 जनवरी 2015 को स्पास्टिक सोसाइटी ऑफ सिक्किम, गैंगटॉक में सम्पन्न हुआ। उक्त अवसर पर श्रीमती इन्द्रा प्रधान, अध्यक्षा, प्रान्तीय आयोग, समाज कल्याण विभाग, सिक्किम सरकार मुख्य अतिथि थीं।

एडिप शिविर

एनआईईपीएमडी ने एस.वी. विश्वविद्यालय, तिरूपति में 27 सितम्बर 2014 को विकलांग व्यक्तियों के साधनों और सहयोगशील उपकरणों का वितरण शिविर का आयोजन किया। माननीय मंत्री श्री थावर चंद गहलोत, एमएसजे व ई, भारत सरकार व माननीय राज्य मंत्री सुदर्शन भगत, एमएसजे व ई, भारत सरकार ने लाभार्थियों को सामग्रियों और उपकरणों का वितरण किया। मंत्रियों ने एनएलएल, अलिमको, और अन्य विभागों द्वारा लगाये प्रदर्शनी स्टालों का भी उद्घाटन किया।

एनआईईपीएमडी ने एनटीआर स्टेडियम, अनाकापल्ली, आँध्रप्रदेश में 14 फरवरी 2015 को साधन और उपकरणों के मुफ्त वितरण के लिए आयोजित कम्पोसिट शिविर में भाग लिया और स्टाल भी लगाया। श्री थावर चन्द गहलोत, माननीय मंत्री, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार ने उस समारोह की अध्यक्षता की।

एन.आई.ई.पी.एम.डी. ने 24 मार्च, 2015 को एम आर ग्राउंड, इम्फाल (मणिपुर) में विकलांगजनों ने सहायक उपकरणों के वितरण हेतु एक विशाल कैम्प का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री ओ.आई. बॉबी सिंह, माननीय मुख्यमंत्री, मणिपुर थे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री थावरचंद गहलोत, माननीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने की। इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री एम.आर्केन्द्रो, माननीय शिक्षामंत्री मणिपुर तथा कु. ए.के. मीराबाई देवी, माननीय समाज कल्याण मंत्री मणिपुर थे। करीब 971 लाभार्थियों को 2055 से ज्यादा उपकर्ण वितरित किए गये।

प्रमुख प्रदर्शनियाँ

12–13 अप्रैल, 2014 को विद्यासागर, चेन्नई द्वारा आयोजित प्रदर्शनी तथा बिक्री मेले में एन.आई.ई.पी.एम.डी. ने प्रतिभाग किया।

- 17–19 नवंबर, 2014 को प्रेस इनफोर्मेशन ब्यूरो द्वारा आयोजित, भारत निर्माण पब्लिक इनफोर्मेशन कैम्पेन में एन.आई.ई.पी.एम.डी. ने प्रतिभाग किया। श्री एन. रंगासामी, माननीय मुख्यमंत्री, पुदुच्चेरी ने इस प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

सामान्य परिषद् की बैठक

- एनआईईपीएमडी की सामान्य परिषद् (जीसी) की आठवीं बैठक 15 दिसम्बर 2014 को सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली में अध्यक्षा श्रीमती स्तुति कक्कड़, आईएएस, सचिव विकलांग मामलों का विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। परिषद् के सदस्यों ने बैठक में भाग लिया।

अध्याय - 1

प्रस्तावना

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, विकलांगजन सशक्तिकरण विभाग, भारत सरकार निःशक्तजनों कें सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रहा है। मंत्रालय देष के विभिन्न भागों में स्थित राष्ट्रीय संस्थानों के माध्यम से निःशक्त जनों के लिए सेवाएँ प्रदान कर रहा है। जिनमें सेवा प्रदान करने के मॉडल विकसित करना, जागरूकता फैलाना, मानव संसाधन विकास कार्यक्रम चलाना, शोध एवं विकास कार्य करना, सहायक उपकरण प्रदान करना तथा निःशक्तजनों को रोजगार प्रदान करना आदि कार्य शामिल है। सन् 1980 में संयुक्त राष्ट्र ने विकलांगता दषक (1982–1992) घोषित किया, इसी दौरान अधिकतर राष्ट्रीय संस्थानों की शुरूआत की गई। शुरूआत में स्थापित ये राष्ट्रीय संस्थान एकल विकलांगता वर्ग में कार्य कर रहे थे। 1993 से 2002 के दशक को विकलांगजनों का एशिया पेसेफिक दशक घोषित किया गया। जिसका विस्तार कर के 2003 से 2013 के दशक को भी विकलांगजनों का एशिया पेसेफिक दषक घोषित किया गया।

इन दशकों में, भारत में निःशक्तजन अधिनियम, 1995 तथा राष्ट्रीय न्यास अधिनियम, 1999 का क्रियान्वयन हुआ। राष्ट्रीय न्यास अधिनियम, 1999 के क्रियान्वयन के पश्चात् बहुविकलांगता पर ध्यान दिया जाने लगा। जिसके फलस्वरूप बहुविकलांगजनों के सशक्तिकरण के लिए एक समर्पित राष्ट्रीय संस्थान की शुरूआत करने की आवश्यकता महसूस हुई। उपरोक्त आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए सन् 2005 में राष्ट्रीय बहुविकलांग व्यक्ति अधिकारिता संस्थान (एन.आई.इ.पी.एम.डी.) की स्थापना की गई। यह संस्थान मुट्टुक्काडु, चेन्नई स्थित एवम् प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर पूर्वी समुद्रतर मार्ग (इ.सी.आर.) पर स्थित है जो कि चेन्नई सैंट्रल रेलवे स्टेशन से 35 कि.मी. की दूरी पर है। 2005 में शुरूआत के बाद से ही संस्थान एकल तथा बहुविकलांग व्यक्तियों के लिए अपनी बहुआयामी टीम मॉडल के माध्यम से वाह्य-दिवसीय-देख-रेख आधारित सेवाएँ प्रदान कर रहा है। इसके अलावा कुटीर (कॉटेज) तथा विस्तार सेवाओं के माध्यम से भी सेवाएँ दी जा रही हैं।

भारत की जनगणना, 2011 से आठ तरह की विकलांगताओं को शामिल कर आंकड़े तैयार किए गए। जिनमें पहली बार बहुविकलांगता को स्थान दिया गया। इन आंकड़ों से देष में बहुविकलांगता की

व्यापकता का पता चला तथा एन.आई.इ.पी.एम.डी. को भी समाज के इस वर्ग के लिए पुनर्वास सेवाओं के योजना निर्माण में एक सकारात्मक मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। विकलांगता पर जनगणना 2011 के आंकड़े यह दर्शाते हैं कि भारत में 2.68 करोड़ व्यक्ति विकलांगता से प्रभावित हैं जो कि कुल जनसंख्या का 2.21 प्रतिशत है, इनमें से 21.16 लाख व्यक्ति बहुविकलांगता से प्रभावित है। हमारा उद्देश्य विकलांगजनों के समस्त मानवाधिकारों को संरक्षित करना है। विशेषकर उन्हें जिनको गहन सहायता की आवश्यकता हो, उदाहरणत् बहुविकलांग व्यक्ति।

स्न 2014–2015 में इनचियोन कार्यनीति (अधिकारों को साकार करना) को ध्यान में रखकर बहुविकलांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण हेतु अनेक कार्यों की शुरूआत की गई। इनचियोन कार्यनीति में वर्णित सभी दस उद्देश्यों को सिद्धांतिक दिशा–निर्देश मानते हुए पूरे वर्ष अनेकों तरह के कार्यक्रम चलाए गए।

मानव संसाधन विकास कार्यक्रमों के अतंर्गत डिप्लोमा से लेकर एम.फिल. तक के छह अलग–अलग कोर्सेज में 109 विद्यार्थी प्रशिक्षण ले रहे हैं। 16 से 18 जनवरी, 2015 के बीच डिप्लोमा विशेष शिक्षा प्रशिक्षणार्थियों के लिए द्वितीय राष्ट्र स्तरीय खेलों का आयोजन एन.आइ.इ.पी.एम. डी. तथा तमिलनाडु शारीरिक शिक्षा एवं खेल विश्वविद्यालय, चेन्नई में आयोजित किए गए। श्री डब्लू. आई. देवाराम, आई.पी.एस., सेवानिवृत डायरेक्टर जनरल आफ पुलिस तथा अध्यक्ष तमिलनाडु एथलेटिक संघ इस राष्ट्रीय खेल आयोजन के मुख्य अतिथि थे।

सन् 2014–15 में देष के विभिन्न दूर दराज के भागों में विकलांगजनों के लिए सेवाएँ प्रदान करने हेतु विशेष प्रयास किए गए। इसी के तहत लक्षद्वीप प्रशासन के कर्मचारियों के लिए त्रैमासिक क्षमता वर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी वर्ष में संस्थान द्वारा छहः शोध प्रोजेक्ट्स पूरे किए गए।

एक विशेष पहल के तहत अनेक सेवाप्रदाता एर्जेसियों के साथ सहयोगपूर्ण कार्यों की शुरूआत की गई। डा. निशिथ राय, कुलपति, डा. शकुन्तला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय ने 2 मई 2014 को एन. आई.इ.पी.एम.डी. का भ्रमण किया तथा संस्थान को उत्कृष्ट केन्द्र घोषित किए जाने का समर्थन किया। 25 अगस्त 2014 को श्रीमती उमादेवी, माननीय मंत्री महिला एवं बाल विकास, उड़ीसा सरकार तथा श्रीमती कस्थुई महापात्रा, राज्य निशक्ता आयुक्त, उड़ीसा सरकार ने क्षेत्रिय पुनर्वास केन्द्र, भुवनेश्वर की स्थापना के लिए एन.आई.इ.पी.एम.डी. का भ्रमण किया।

बहुविकलांगता पर अधिकतम सूचना प्रसार के लिए किताबों, जागरूकता सामग्रियों तथा विवरणीकाओं आदि का विकास किया गया इसके तहत –

1. बधिरांधता विषय पर पुस्तक
2. बहुविकलांगता विषय पर स्मारिका
3. श्रवणयंत्र पर आधारित पुस्तिका
4. आसामीस भाषा में बहुविकलांगता विषय पर पुस्तिका आदि शामिल हैं

चिह्नित निशक्त जनों (जनगणना 2011) में से बहुविकलांग जनसंख्या के विस्तार को देखते हुए पूरे देश में दुर्गम स्थानों पर रह रहे लाभार्थियों के लिए विशेष अभियान चलाए गए। संस्थान के विस्तार कार्यक्रम के अंतर्गत निम्नलिखित स्थानों पर एक्सटेंशन केन्द्रों की स्थापना की गई।

1. वानगरम, तमिलनाडु
2. अन्नानगर, तमिलनाडु
3. आई.सी.एफ., तमिलनाडु
4. मेहत्व, तमिलनाडु
5. गूड्लूर, तमिलनाडु
6. बद्राचलम, तेलुङ्गाना
7. त्रिपुरा, अगरतला
8. गंगटोक, सिक्किम
9. इम्फाल, मणिपुर

सन् 2014 के अंतर्राष्ट्रीय विकलांगता दिवस के लिए संयुक्त राष्ट्र की थीम ''सतत् विकास : तकनीकि की प्रतिबद्धता'' को साकार करने के लिए कनफेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्रीयल (CII), टी. एन.पी.सी., चेन्नई के संयुक्त तत्वाधान में सहायक तथा पुनर्वास तकनीकि पर 22 अगस्त, 2014 को

एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसी प्रकार रामकृष्ण मिशन विश्वविद्यालय कोयम्बटूर के संयुक्त तत्वाधान में 6 एवं 7 फरवरी 2015 को ''निशक्तजनों के पूर्ण समावेशन के लिए शिक्षा एवं खेल में सहायक तकनीकि'' विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया।

29 जनवरी 2015 को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता पर संसद की स्टेंडिंग समिति ने श्री रमेश की अध्यक्षमता में अन्य राज्यसभा एवं लोकसभा सदस्यों के साथ एन.आई.इ.पी.एम.डी. का भ्रमण किया तथा बहुविकलांग व्यक्तियों के लिए उपलब्ध सेवाओं की समीक्षा की। इसी प्रकार प्रस्तावित निःशक्त जन अधिकार बिल (Rights of Persons with Disability Bill) में संशोधनों की आवश्यकता पर चेन्नई में विभिन्न सेवा प्रदाताओं के साथ एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बहुविकलांग व्यक्तियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के क्रम में एन.आई.इ.पी.एम.डी. के प्रांगण में एक हाइड्रोथैरेपी पूल तथा एथलेटिक ट्रेक का शिलान्यास माननीय केन्द्रीय मंत्री श्री थावरचंद गहलोत के करकमलों द्वारा किया गया। स्वच्छ भारत अभियान को सशक्त करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उत्तर पूर्वी राज्यों में निशक्तजनों के लिए सेवाओं को पहुंचाने के क्रम में एन.आई.इ.पी.एम.डी. ने अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया, जैसे निशक्तजनों के लिए खेल समारोह, कार्यशालाएँ, एडिप कैम्प, जागरूकता कार्यक्रम, पुनर्वास व्यवसायिकों के लिए व्यवसायिक कार्यक्रम, सिक्किम, आसाम, मेघालय, त्रिपुरा, अरूणाचल प्रदेश, मणिपुर तथा मिज़ोरम में फिल्म समारोह का आयोजन एवं सिक्किम तथा मणिपुर में विस्तार केन्द्रों की स्थापना की गई।

अध्याय – 2

संगठनात्मक संरचना

राष्ट्रीय बहुविकलांग व्यक्ति अधिकारिता संस्थान एक स्वायत्त संस्था है जो सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय (एमएसजे एवं ई), भारत सरकार के अधीन तमिलनाडु संस्था पंजीकरण अधिनियम 1975 (1975 का तमिलनाडु अधिनियम 27) के अन्तर्गत पंजीकृत है जिसकी पंजीकरण संख्या : 59/2006 दिनांक 23 अक्टूबर, 2006 है।

सचिव, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की आम परिषद् (जीसी) के अध्यक्ष हैं और संयुक्त सचिव (विकलांगता प्रभाग) कार्यकारिणी समिति (ईसी) के अध्यक्ष हैं। निदेशक, एनआईईपीएमडी, जी सी और ई सी के मार्गदर्शन के अधीन संस्थान के कार्यकलापों को कार्यान्वित करते हैं।

2.1 आम परिषद् : यह परिषद् इस संस्थान के समूचे प्रबन्धन का मार्गदर्शन करती है और मॉनिटर करती है। इस प्रतिवेदित कालावधि के दौरान यह परिषद् सम्मेलन कक्ष, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली, में 15 दिसंबर 2014 को मिली। सदस्यों का विवरण निम्नलिखित है।

सारणी 1 : जी सी सदस्यों की सूची

क्र. स.	नाम
01	सचिव, भारत सरकार, डीडीए, एमएसजे & ई (अध्यक्ष)
02	संयुक्त सचिव भारत सरकार, डीडीए, एमएसजे & ई (सदस्य)
03	संयुक्त सचिव और वित्तीय सलाहकार,एमएसजे & ई (सदस्य)
04	निदेशक, आईएफडी (सदस्य)
05	महानिदेशक, नियुक्ति & प्रशिक्षण, श्रम मंत्रालय
06	अध्यक्ष, आरसीई (सदस्य)
07	अध्यक्ष, राष्ट्रीय ट्रस्ट (सदस्य)
08	श्री अमिताभ मेहरोत्रा (सदस्य)
09	डॉ. एस.एस. बद्रीनाथ, शंकर नेत्रालय (सदस्य)
10	श्री ए. बालराज (सदस्य)
11	सुश्री नन्दिता गुर्जार, इन्फोसिस (सदस्य)
12	श्री एन. थामस निगुलि (सदस्य)
13	श्री राजेन्द्रन, तिरूच्चिराप्पल्ली (सदस्य)
14	श्रीमती वत्सला ईश्वर, बंगूलर (अध्यक्ष)
15	श्री ए महेन्द्रन, चैन्ने (सदस्य)
16	डॉ. कल्याण कृष्णन,आईआईटी, चेन्नै (सदस्य)
17	महानिदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, एमहेचएफडब्ल्यू (सदस्य)
18	प्रधान सचिव, समाज कल्याण विभाग, तमिलनाडु सरकार (सदस्य)
19	प्रधान सचिव & निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य सेवाएँ, तमिलनाडु सरकार (सदस्य)
20	संयुक्त सचिव, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार (सदस्य)
21	निदेशक, एओईजेएनआईहेचहेच (सदस्य)
22	निदेशक, एनआईएमहेच (सदस्य)
23	निदेशक, एनआईवीहेच (सदस्य)
24	निदेशक, एनआईओहेच (सदस्य)
25	डॉ. नीरदा चन्द्रमोहन, निदेशक, एनआईईपीएमडी (सदस्य सचिव)

आम परिषद् की भूमिका और क्रियाकलापः

i. वार्षिक प्रतिवेदन पर विचार करना।

ii. पिछले वर्ष की तुलनात्मक और लेखापरीक्षित लेखा पर विचार करना।

iii. अनुवर्ती वर्ष के वार्षिक प्रस्तावों की प्राप्ति और विचार।

iv. ऐसे अन्य मामले या वे मामले जिनका निर्देश अध्यक्ष करें।

v. आम परिषद् के अध्यक्ष सभी बैठकों की अध्यक्षकता ग्रहण करेंगें और अन्य मामलों के संदर्भ में अपने विचार पर ध्यान देने हेतु कार्यकारिणी समिति को प्रस्तावित करेंगें; जिनपर विचार करना आवश्यक हो।

2.2 कार्यकारिणी परिषद् :

कार्यकारिणी परिषद् संस्थान के मामलों के प्रबन्धन और प्रशासन का उत्तरदायित्व रखती है जो आम परिषद् के सामान्य नियंत्रण और निर्देशन के अधीन आती है। उसको दिये गये अन्य कार्य हैं।

i. संस्थान के प्रयोजन के लिए विस्तृत नीति बनाकर उसका कार्यान्वयन करना।

ii. बजट आकलन का पुनरीक्षण करके उस पर संस्तुति देना।

iii. वित्तीय उपविधियों में निर्धारित व्यय का अनुमोदन करना।

iv. अनुमोदित नियम व शर्तों पर विचार करना

v. नये पदों को बनाना और कर्मचारियों को भर्ती करना तथा नियुक्त करना।

इस प्रतिवेदित काल के परिषद् 15.07.14, 16.10.14 और 21.12.14 को मिली। सदस्यों का विवरण निम्न प्रकार हैः–

सारणी 2 : ई सी सदस्यों की सूची

क्र. स.	नाम
01	संयुक्त सचिव, भारत सरकार, डीडीए, एमएसजे & ई (अध्यक्ष)
02	संयुक्त सचिव व वित्तीय सलाहकार, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, (सदस्य)
03	उप सचिव (एनआईएस & डीडी–I) सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय (सदस्य)
04	डॉ. नीरदा चन्द्रमोहन, निदेशक, एनआईईपीएमडी (सदस्य सचिव)

2.3 शैक्षिक समिति :

शैक्षिक समिति; संस्थान द्वारा लिये जानेवाले प्रशिक्षण, अनुसंधान और पुनर्वास कार्यक्रमों पर सलाह और मार्गदर्शन देती है। समिति के अध्यक्ष डॉ. रत्ना, भूतपूर्व निदेशक, ए.आई.आई.एस.एच हैं और पुनर्वास के क्षेत्र के अन्य विशेषज्ञ भी हैं। समिति के सदस्यों की बनावट नीचे दी गयी है।

सारणी 3 : शैक्षिक समिति के सदस्यों की सूची

क्र. स.	नाम
01	डॉ. रत्ना, भूतपूर्व निदेशक, एआईआईएसएचच (अध्यक्ष)
02	डॉ. ए.के. मित्तल, भूतपूर्व क्षेत्रीय निदेशक, एनआईवीहेच (सदस्य)
03	प्रो. पी. जयचन्द्रन, निदेशक, विजय मानव सेवाएँ (सदस्य)
04	डॉ. विजयलक्ष्मी रेड्डी, प्रवक्ता, विशेष शिक्षा, एनआईएमहेच (सदस्य)
05	श्री अखिल पाल निदेशक, सेन्स इन्टरनेशनल (सदस्य)
06	सिस्टर (डॉ.) रीटा मेरी, गाइडन्स होम फॉर दि अडल्ट डेफ गर्ल्स (सदस्य)
07	डॉ. करूणानिधि, विभागाध्यक्ष (मनोविज्ञान), मद्रास विश्वविद्यालय (सदस्य)
08	प्रो. रूपा नागराजा, विभागाध्यक्षा, वाणी व श्रवण विभाग रामचन्द्र मेडिकल कॉलेज (सदस्य)
09	डॉ. पुरूषोत्तम, फ्रीलन्स साईकोलिंग्विस्टिक्स (सदस्य)
10	प्रो रंगस्वामी, प्राचार्य और समन्वयक, स्वीकार – उपकार पुनर्वास संस्थान (सदस्य)
11	डॉ. नीरदा चन्द्रमोहन, निदेशक, एनआईईपीएमडी (सदस्य)



PMR- Physical Medicine & Rehabilitation, Spl. Edn.-Special Education, AIL- Adult Independent Living,
SH&C- Speech Hearing & Communication, SW- Social Work,
Asso.Prof.- Associate Professor, Dy. Registrar- Deputy Registrar, R.O.- Rehabilitation Officer,
Prog. Asst.- Program Assistant

अध्याय – 3

मानव संसाधन विकास

एनआईईपीएमडी बहुविकलांग व्यक्तियों की अधिकारिता के लिए काम करनेवाला एक राष्ट्रीय संसाधन केन्द्र है, जो निःशक्तजनों के सशक्तीकरण एवं विकास पर कार्य कर सकने वाली मानव संसाधनों के विकास पर अधिक ध्यान देती है। 2014–15 शैक्षिक वर्ष के दौरान एक एम.फिल., एक स्नातकोत्तर डिप्लोमा, एक डिग्री और तीन डिप्लोमा पाठ्यक्रम एनआईईपीएमडी में संचालित किये गये।

मानव संसाधनों के विकास का स्तर बढ़ाने के लिए एनआईईपीएमडी ने 2015–16 शैक्षिक वर्ष से 4) वर्ष की स्नातक डिग्री चलाने का प्रस्ताव दिया है और निम्नलिखित पाठ्यक्रम प्रदान करने के लिए तमिलनाडु डॉ. एमजीआर विश्वविद्यालय की संबद्धता के लिए आवेदन प्रस्तुत कर दिया है।

सारणी 4 : 2015–16 वर्श के लिए प्रस्तावित पाठ्यक्रम

क्रम सं.	पाठ्यक्रम	कालावधि	अन्तर्ग्रहण
1.	व्यावसायिक चिकित्सा स्नातक (बीओटी)	4½ वर्ष	25
2.	शारीरिक चिकित्सा स्नातक (बीपीटी)	4½ वर्ष	25
3.	श्रव्य विज्ञान और वाणी भाषा रोगी विज्ञान (बीएएसएलपी) का स्नातक	4 वर्ष	25

3.1 दीर्घकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम :

बहुविकलांग व्यक्तियों की आवष्यकताओं की पूर्ति करने के लिए, 2014–15 शैक्षिक वर्ष के दौरान एनआईईपीएमडी में निम्नलिखित दीर्घकालीन पाठ्यक्रम दिये गये।

सारणी 5 : दीर्घकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम

क्रम सं.	पाठ्यक्रम का नाम	कालावधि	संस्वीकृत अन्दर्ग्रहण	प्राप्त आवेदनों की संख्या	भर्ती किये गये छात्रों की संख्या	उत्तीर्ण छात्रों की संख्या/सफलता %
1.	एम.फिल. (चिकित्सात्मक मनोविज्ञान)	02 वर्ष	04	27	04	अगस्त 2015 में प्रथम वर्ष की परीक्षा देंगें
2.	शीघ्र हस्तक्षेप में स्नातकोत्तर डिप्लोमा	01 वर्ष	25	11	04	जून 2015 में अन्तिम वर्ष की परीक्षा देंगें।

क्रम सं.	पाठ्यक्रम का नाम	कालावधि	संस्वीकृत अन्दर्ग्रहण	प्राप्त आवेदनों की संख्या	भर्ती किये गये छात्रों की संख्या	उत्तीर्ण छात्रों की संख्या/सफलता %
मद्रास विश्वविद्यालय से संबंद्ध						
3.	विशेष शिक्षा में स्नातक डिग्री (बहुविकलांग)	1 वर्ष	20	45	20	परिणाम की प्रतीक्षा है
तमिलनाडु शिक्षक शिक्षा विश्वविद्यालय से संबंद्ध						
4.	शिक्षा में डिप्लोमा – विशेष शिक्षा (आत्मविमोह वर्णक्रम अव्यवस्था)	02 वर्ष	31	98	29	जून 2015 में अन्तिम वर्ष की परीक्षा देंगे।
5.	शिक्षा में डिप्लोमा – विशेष शिक्षा (प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात)	2 वर्ष	31		09	जून 2015 में अन्तिम वर्ष की परीक्षा देंगे।
6.	शिक्षा में डिप्लोमा – विशेष शिक्षा (बधिरांध)	2 वर्ष	31		08	जून 2015 में अन्तिम वर्ष की परीक्षा देंगे।

प्रवेश प्रक्रिया:

अभ्यास सत्र के समय लाभार्थियों के साथ प्रशिणार्थी

2014–15 शैक्षिक वर्ष के दौरान, एम.फिल. (चिकित्सा मनोविज्ञान), पीजीडीईआई, बी.एड. विशेष शिक्षा (एम.डी.) और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन की अधिसूचना दैनिक समाचार पत्रों (जैसे दि हिन्दु व दिनत्तन्दि) में 18 मई 2015 को प्रवेश के लिए दी गयी। प्रवेश की अधिसूचना एनआईई पीएमडी की वेबसाइट में भी दी गयी। डिप्लोमा के लिए प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गयी और योग्य छात्रों को 10 जुलाई 2014 को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया और अस्थाई रूप से चयनित छात्रों को 14 जुलाई 2014 के दिन या पहले प्रवेश पाने का अनुदेश दिया गया।

बी.एड. विशेष शिक्षा के लिए प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गयी और चयनित छात्रों को लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के लिए 22.07.2014 को बुलाया गया। लिखित परीक्षा में आये बारह छात्रों में से छः विद्यार्थियों को साक्षात्कार के लिए चुना गया। समिति ने 2014–16 शैक्षिक वर्ष के लिए एम.फिल. चिकित्सा मनोविज्ञान के प्रवेश के लिए चार विद्यार्थियों को चुना। अस्थाई रूप से चयनित छात्रों को 28 जुलाई 2014 के दिन या उससे पूर्व प्रवेश पाने का अनुदेश दिया गया।

विशेश पाठशाला में लाभार्थियों को प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षित करते हुए

सारणी 6 : डिग्री, पीजी डिप्लोमा और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश मापदण्ड

प्रवेश मापदण्ड	बी.एड. विशेष शिक्षा (एम.डी.)	एम.फिल. (चिकित्सा मनोविज्ञान व पीजी डिप्लोमा)	डिप्लोमा
योग्यता परीक्षा में प्राप्तांक	60 अंक	60 अंक	50 अंक
ग्राम्य	05 अंक	05 अंक	05 अंक
उच्चतर योग्यता	05 अंक	05 अंक	10 अंक
अनुभव (न्यूनतम 2 वर्ष)	05 अंक	05 अंक	05 अंक
निःशक्तजनों के अभिभावक/सहोदर/संतानें	05 अंक	05 अंक	10 अंक
साक्षात्कार	20 अंक	20 अंक	20 अंक
कुल	100 अंक	100 अंक	100 अंक

एम.फिल. (चिकित्सा मनोविज्ञान) के लिए : स्नातकोत्तर डिग्री में, प्रवेश परीक्षा और साक्षात्कार में प्राप्त औसत अंक।

सीट आरक्षण :

भारत सरकार की नीति के अनुसार हर संवर्ग के सीटों का आरक्षण डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में अपनाया गया और एम.फिल. (चिकित्सा विज्ञान), बी.एड. विशेष शिक्षा (एम.डी.) और पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में मद्रास विश्वविद्यालय के मानदण्ड अपनाये गये।

छात्रों के चयन के लिए नामित सदस्य :

एम.फिल. (चिकित्सा मनोविज्ञान), पीजी डिप्लोमा और डिप्लोमा पाठ्यक्रम :

1. डॉ. (श्रीमती) नीरदा चन्द्रमोहन – निदेशक, एनआईईपीएमडी
2. श्री एस. शंकर नारायणन, उप कुल सचिव (प्रशासन)
3. प्रो. गीता मेनन, क्षेत्र विशेषज्ञ – चिकित्सा मनोविज्ञान
4. डॉ. सी.एन. रामगोपाल, परामर्शदाता – चिकित्सा मनोविज्ञान
5. डॉ. (श्रीमती) सेल्वी, सहायक प्राध्यापक, आईएएसई क्षेत्र विशेषज्ञ (विशेष शिक्षा)
6. सुश्री कलुशा, क्षेत्र विशेषज्ञ – एएसडी
7. प्रो. विमला, क्षेत्र विशेषज्ञ – सीपी
8. प्रो. (सिस्टर) रीटा मेरी, क्षेत्र विशेषज्ञ – बधिरांध
9. डॉ. जे विजयलक्ष्मी, प्रवक्ता (एमएस)
10. डॉ. विजय शंकर शर्मा, सह आचार्य (विशेष शिक्षा)
11. श्री पी. कामराज, प्रवक्ता, विशेष शिक्षा
12. श्री राजेश रामचन्द्रन; आरओ (एस व पी)
13. श्रीमती आई.जी. अनुसूया, आर.ओ. (विशेष शिक्षा)
14. श्री एस. कार्तिकेयन, प्रवक्ता (चिकित्सा मनोविज्ञान)
15. श्री बी.एस. सन्तोष कन्ना, प्रवक्ता, एनआईईपीएमडी

भारतीय पुनर्वास परिषद्, नई दिल्ली ने प्रत्येक डिप्लोमा में 25 छात्रों को प्रवेश देने की स्वीकृति दी है। केन्द्रीय शिक्षा संस्थान (प्रवेश में आरक्षण) अधिनियम, 2008 के अनुसार मौजूदा अनारक्षित सीटों में परिवर्तन न करके सभी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में अतिरिक्त 6 सीटें 2011–12 वर्ष से जोड़ी गयी हैं।

सारणी 7 : भर्ती वितरण

क्रम स.	पाठ्यक्रम	डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में संस्वीकृत भर्ती	भर्ती वितरण						भरी गयी सीटें
			एससी	एसटी	पीएच	एमबीसी	बीसी / ओबीसी	अनारक्षित	
1.	डी.एड्. विशेष शिक्षा (सीपी)	25+6	04	02	01	—	6+6	12	09
2.	डी.एड्. विशेष शिक्षा (डीबी)	25+6	04	02	01	—	6+6	12	08
3.	डी.एड्. विशेष शिक्षा (एएसडी)	25+6	04	02	01	—	6+6	12	29
4.	एम.फिल. (चिकित्सा मनोविज्ञान	04	01	—	—	01	01	01	04
5.	बी.एड्. विशेष शिक्षा (एमडी)	20	03	01	—	04	06	06	20
6.	पीजीडीईआई	15	01	01	—	02	03	03	04

सारणी 8 : 2014–15 वर्श के लिए शुल्क और अन्य अमानतें

विवरण	एम.फिल. (चिकित्सा मनोविज्ञान)		बी.एड. विशेष शिक्षा (एमडी)	पीजी डिप्लोमा	डीएड विशेष शिक्षा (एएसडी/सीपी/डीबी) रूपये	
	प्रथम वर्ष	द्वितीय वर्ष			प्रथम वर्ष	द्वितीय वर्ष
शिक्षण शुल्क	20000	20000	10000	10000	5000	5000
प्रयोगशाला शुल्क	30000	30000	12600	5500	0	0
छात्रों के कार्यकलाप/ सांस्कृतिक मनोरंजन	0	0	2500	1000	2500	2500
अवधान जमानत (प्रत्यर्पणीय)	2000	0	500	2000	500	0
हैण्डआउट/सामग्रियाँ/पंचांग शुल्क	8000	8000	11600	1000	500	1000
सत्र मध्य/लेखन सामग्री शुल्क	1000	1000	500	200	200	250
चिकित्सा परीक्षण शुल्क	250	250	250	250	250	250
पहचान पत्र शुल्क	50	0	50	50	50	0
पुस्तकालय	4000	4000	2000	0	1000	1000
कुल	65300	63250	40000	20000	10000	10000

एनआईईपीएमडी में विशेष आवश्यकता वाले छात्रों को डिप्लोमा और डिग्री पाठ्यक्रम दिये गये। विशेष आवश्यकता वाले छात्रों के लिए विभिन्न उपकरण और अलग सहायता का प्रावधान किया गया है। 2014–15 वर्ष में निम्नलिखित विशेष आवश्यकता वाले छात्र भर्ती किये गयेः

सारणी 9 : 2014–15 शैक्षिक वर्ष के दौरान दीर्घ कालीन पाठ्यक्रमों में भर्ती हुए विशेष आवष्यकता वाले छात्र

क्रम सं.	छात्र का नाम	पढ़ा गया पाठ्यक्रम	संवर्ग
1.	अमीर खालिद	डी.एड. विशेष शिक्षा (एएसडी)	विकलांग अक्षमता
2.	मेरी क्रिस्टीन	डी.एड. विशेष शिक्षा (डीबी)	विकलांग अक्षमता
3.	वेलू के.	डी.एड. विशेष शिक्षा (डीबी)	दृष्टि विकृति
4.	प्रियंका वी.	डी.एड. विशेष शिक्षा (डीबी)	विकलांग अक्षमता

विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के अभिभावकों की दीर्घकालीन पाठ्यक्रमों में भर्ती होने का मौका दिया गया ताकि अपनी संतान की सेवा करने पर ध्यान रखें। 2014–15 में दीर्घकालीन पाठ्यक्रम के लाभार्थी अभिभावकों का विवरण निम्न प्रकार से हैः

सारणी 10 : 2014–15 शैक्षिक वर्ष के दौरान
दीर्घ कालीन पाठ्यक्रमों में भर्ती हुए अभिभावक/संतानें

क्रम सं.	छात्र का नाम	पढ़ा गया पाठ्यक्रम	संवर्ग
1.	स्मिता एन.	बी.एड. विशेष शिक्षा (एमडी)	आत्म विमोह का बच्चा है।
2.	सत्यभामा बी.	डी.एड. विशेष शिक्षा (एएसडी)	आत्मविमोह के दो बच्चे है।
3.	देविका के.	डी.एड. विशेष शिक्षा (एएसडी)	विकलांग अक्षम माता है।
4.	वानबैत टँग	डी.एड. विशेष शिक्षा (सीपी)	निम्न दृष्टि का एक भाई और एक बहन है।

सारणी 11 : बहुविकलांग व्यक्तियों के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा केन्द्रीय सैक्टर योजना के अधीन अनुसूचितजाति के छात्रों के लिए उच्च वर्ग शिक्षा देने की सिफारिश प्राप्त छात्रों की सूची

क्रम सं.	छात्र का नाम	पढ़ा गया पाठ्यक्रम	संवर्ग
1.	प्रभाकरन टी.	बी.एड. विशेष शिक्षा (एमडी)	जनजाति के लिए उच्च वर्ग शिक्षा के छात्र केन्द्रीय सेक्टार योजना
2.	श्यामला एस.	बी.एड. विशेष शिक्षा (एमडी)	
3.	रम्या वी.	डी.एड. विशेष शिक्षा (एएसडी)	

3.2 अल्पकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रमः

एनआईईपीएमडी अल्पकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है जिसमें सतत पुनर्वास कार्यक्रम (सीआरई), कार्यशालाएँ सम्मेलन, दिग्विन्यास व सुग्राहीकरण कार्यक्रम आदि शामिल हैं। ये प्रशिक्षण कार्यक्रम सरकारी और गैर–सरकारी संगठनों के अधिकारियों को दिग्विन्यास कराने के रूप में बनाये गये हैं और देश भर में पुनर्वास तथा संबंधित पेशेवरों को ज्ञान का आधुनिकीकरण दिलाने के लिए बनाये गये हैं। सारे अल्पकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम भारतीय पुनर्वास परिशद्, नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त हैं।

दृष्टिबाधित छात्राओं में व्यक्तित्व विकास और गहन क्षमता पर कार्यशाला

2014–15 वर्ष के दौरान इस संस्थान ने 348 कार्यक्रम आयोजित किये हैं, जिनमें पुनर्वास क्षेत्र में पेशेवरों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम, अभिभावकों, शिक्षकों तथा छात्रों (साधारण छात्रों) के लिए दिग्विन्यास और बोध कार्यक्रम शामिल हैं। कुल 15207 प्रतिभागी लाभान्वित हुए।

सारणी 12 : 2014–15 वर्ष के दौरान चलाये गये अल्पकालीन/दिग्विन्यास/अभिभावक प्रशिक्षण कार्यक्रम

क्रम सं.	कार्यक्रम	प्रतिभागियों की संख्या	
		2013–14	2014–15
1.	अल्पकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम	6930	8145
2.	दिग्विन्यास एवं बोध कार्यक्रम	2344	5634
3.	अभिभावक प्रशिक्षण कार्यक्रम	586	1428
	कुल	9860	15207

उपरलिखित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विवरण परिशिष्ट–1 (पृष्ठ सं 1) में दिये गये हैं।



चित्र 1 : अल्पकालीन पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षित प्रशिक्षणार्थी

एनआईईपीएमडी, चेन्नै में विकलांग बच्चों की बढ़ती सुरक्षा पर प्रान्तीय स्तर का परामर्श

कोलकाता में बहुविकासशील विकलांगों और स्वलीनता के लिए अभिभावक प्रशिक्षण कार्यक्रम

3.3 कार्यशालाओं / सम्मेलनों / संगोष्ठियों में शिक्षकगणों / अधिकारियों की सहभागिता

पुनर्वास के क्षेत्र में मानव संसाधन विकसित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाने के अलावा यह संस्थान एनआईईपीएमडी के अपने शिक्षकों को अपने ज्ञान के आधुनिकीकरण के लिए देश के विभिन्न भागों में चलाये जानेवाले विभिन्न सम्मेलनों / कार्यशालाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने का बढ़ावा भी देता है और सहयोग करता है। शिक्षक सदस्यों की सूची जिन्होंने कार्यशालाओं / सम्मेलनों / संगोष्ठियों में भाग लिया और प्रपत्र प्रस्तुत किये, वह परिशिष्ट–2 (पृष्ठ सं. xiii) में दी गयी है

सहायक और पुनर्वास तकनीकियों पर सम्मेलन के दौरान डॉ. नीरदा चन्द्रमोहन, निदेशक, एनआईईपीएमडी, विषय प्रवेश का भाषण दे रही हैं।

कोयम्बटूर में विकलांग व्यक्तियों के पूर्ण समावेश के लिए शिक्षा और खेलकूद में सहयोगशील तकनीक पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

अध्याय – 4

सेवाएँ

सेवाएँ:

बहुविकलांग तथा एकल विकलांग दोनों व्यक्तियों को और क्षति के साथ आनेवाले आश्रित व्यक्तियों को उचित पुनर्वास सेवाओं का प्रावधान करना एनआईईपीएमडी के प्रधान कार्यों में एक है। पुनर्वास सेवा, समाज कल्याण विभाग की ओर से सेवा एवं कार्यक्रम अनुभाग द्वारा समन्वित की जाती है। सेवा एवं कार्यक्रम अनुभाग के दो सहायक अनुभाग हैं – पंजीकरण और व्यक्तिवृत्त लेनेवाली इकाई। पंजीकरण इकाई लाभार्थियों का पंजीकरण करती है और लाभार्थियों तथा आगन्तुकों को संस्थान के बारे में आवश्यक सूचनाएँ देती है। पंजीकरण इकाई बाहर से आनेवाले फोन–काल प्राप्त करती है और आम जनता को फोन द्वारा समय परियुक्ति देती है अन्य सूचनाएँ भी प्रदान करती हैं।

स्वागत कक्ष में लाभार्थी का पंजीकरण

व्यक्तिवृत्त लेना

व्यक्तिवृत्त लेनेवाली इकाई का प्रबन्ध पेशेवर सेवी द्वारा किया जाता है जहाँ समाजसेवी रोगियों को तथा उनके परिवार की विस्तृत प्रथम सूचना लेता है, जिसमें प्रसवपूर्व देखरेख, प्रसवोत्तर देखरेख, परिवार का इतिहास, विकासशील इतिहास, लिया गया प्रतिरक्षण, पाठशाला इतिहास और परिवार का गतिविज्ञान शामिल रहते हैं। यह इकाई एनआईईपीएमडी का शुलक रचना के अनुसार पंजीकरण शुल्क और अन्य सेवा शुल्क लेती है। एक बार व्यक्तिवृत्त लेने की प्रक्रिया पूरी हो जाए तो लाभार्थी को विशिष्ट निर्धारण और हस्तक्षेप के लिए अन्य विभागों में भेजा जाता है। सामान्य सेवाओं के अलावा, एनआईईपीएमडी हर महीने तंत्रिका संबंधी, मनोविज्ञान संबंधी तथा दन्त देखरेख की विशेष चिकित्साशालाएँ भी चलाता है। यह संस्था विकलांग व्यक्तियों को तंत्रिका संबंधी तथा मनोविकृति संबंधी औषधि भी देता है।

समाजसेवी द्वारा लाभार्थी का व्यक्तिवृत्त लिया जाना

2014–15 वर्ष में एनआईईपीएमडी और उसके विस्तार केन्द्र में 7979 लाभार्थियों का पंजीकरण हुआ। उनमें 2648 लोग बहुविकलांग थे औा 5331 लोग विभिन्न प्रकार के एकल विकलांग व्यक्ति पंजीकृत हुए। और 56556 लाभार्थियों ने एनआईईपीएमडी और उसके विस्तार केन्द्र में विभिन्न पुनर्वास सेवाएँ (अनुवर्ती) प्राप्त कीं। उन लाभार्थियों में 37820 बहुविकलांग व्यक्ति थे और 18736 एकल विकलांग व्यक्ति थे। चूंकि एनआईईपीएमडी बहुविकलांग व्यक्तियों के पंजीकरण में किसी को भी न नकारने की नीति अपनाता है, सभी प्रकार के विकलांग व्यक्तियों को पूंजीकृत करा लेता है।

सारणी 13 : 2014–15 के दौरान एनआईईपीएमडी और उसके विस्तार केन्द्रों में पंजीकृत नये लाभार्थी

क्रम स.	प्रकार	लाभार्थियों की संख्या					
		2013–14			2014–15		
		यूडी	एमडी	कुल	यूडी	एमडी	कुल
1.	केन्द्र	1029	382	1411	1977	534	2511
2.	विस्तार केन्द्र	2224	1526	3750	1617	930	2547
3.	मोबाइल सेवाएँ	2155	232	2387	1737	1184	2921
	कुल	5408	2140	7548	5331	2648	7979

चित्र 2 : पंजीकृत नये लाभार्थी

सारणी 14 : 2014–15 के दौरान एनआईईपीएमडी और उसके विस्तार केन्द्रों म अनुवर्ती सत्र

क्रम स.	प्रकार	लाभार्थियों की संख्या					
		2013–14			2014–15		
		यूडी	एमडी	कुल	यूडी	एमडी	कुल
1.	केन्द्र	10951	24490	35441	13404	34794	48198
2.	विस्तार केन्द्र	3950	2695	6645	5332	3026	8358
	कुल	14901	27185	42086	18736	37820	56556



चित्र 2 : पंजीकृत नये लाभार्थी

सारणी 14 : 2014–15 के दौरान एनआईईपीएमडी और उसके विस्तार केन्द्रों में अनुवर्ती सत्र

क्रम स.	प्रकार	लाभार्थियों की संख्या					
		2013–14			2014–15		
		यूडी	एमडी	कुल	यूडी	एमडी	कुल
1.	केन्द्र	10951	24490	35441	13404	34794	48198
2.	विस्तार केन्द्र	3950	2695	6645	5332	3026	8358
	कुल	14901	27185	42086	18736	37820	56556



चित्र 3 : अनुवर्ती सत्र

सारणी 15 : एनआईईपीएमडी में पंजीकृत बहुविकलांगों का मिश्रण

01	सीपी + एमआर + वीआई + एचआई	26	एमआर + वीआई
02	सीपी + एमआर + एलवी + एसडी	27	एमआर + एचआई
03	सीपी + एमआर + एलवी + एचआई	28	एलडी + एचआई
04	सीपी + एचआई + वीआई + डीडी	29	एमआई + एचआई
05	सीपी + एमआर + एलवी	30	एमआई + सीपी
06	सीपी + एमआर + वीआई	31	सीपी + ओएच
07	सीपी + एमआर + एमआई	32	सीपी + वीआई
08	सीपी + एमआर + एचआई	33	सीपी + एलवी
09	सीपी + एचआई + एलवी	34	सीपी + एएसडी
10	सीपी + एलवी + डीडी	35	सीपी + एचआई
11	सीपी + वीआई + एचआई	36	सीपी + डीडी
12	एमआर + एएसडी + सीपी	37	एलवी + एमआई
13	एमआर + एलवी + एचआई	38	एलवी + एचआई
14	एमआर + एलवी + एएसडी	39	एलवी + पीडीडी
15	एमआर + एलवी + एचआई	40	एलवी + एएसडी
16	एमआर + एचआई + एमआई	41	एलवी + एलडी
17	एमआर + एचआई + एलवी	42	डीडी + एएसडी
18	एमआर + एलडी + डीडी	43	डीडी + वीआई
19	एमआर + एमआई + एचआई	44	डीडी + एलवी
20	एमआर + एलडी + एलवी	45	डीडी + एचआई
21	एमआर + एएसडी	46	वीआई + एचआई
22	एमआर + एमआई	47	एलडी + एमआई
23	एमआर + सीपी	48	एलडी + एचआई
24	एमआर + एलडी	49	एलडी + वीआई
25	एमआर + एलवी	50	डीबी

नोट : सीपी – प्रमिस्तिष्कीय पक्षाघात, एमआर – मानसिक मन्दता, वीआई – दृष्टि बाधिता, एचआई – श्रवण क्षति, एलवी – क्षीण दृष्टि, एएसडी – स्वलीन वर्णक्रम विकृति, एलडी – चलन अशक्तता, डीबी – बधिरांधता, एमआई – मानसिक रोग, पीडीडी – व्यापक विकासशील विकृति।

4.1 शारीरिक चिकित्सा पुनर्वास विभाग :

शारीरिक चिकित्सा और पुनर्वास विभाग बहुविकलांग व्यक्तियों में देखी जानेवाली विभिन्न अवस्थाओं का निदान करने का लक्ष्य रखता है। जब एकल विकलांग व्यक्तियों की परीक्षा की जाती है तब अन्य संबंधित अवस्थाएँ पायी जाती हैं। विचित्र प्रकार के संलक्षण आदि पहचानी गयी हैं। यह देखा गया है कि बहुविकलांग का कारण गुणसूत्रात्मक असामान्यताएँ और जननिक अनियमितताएँ हैं। बहुविकलांगता का एक कारण चयापचय का स्वाभाविक दोश भी है। फाब्रिस बीमारी, ग्लूकोरोनिक एसिडुरिया, ग्लू–टी की कमी इस वर्ष में आयी अनियमितता विरले रूप में देखी गयी है। जैसे मनोविज्ञान–चिकित्सा, तंत्रिका चिकित्सा नेत्र विज्ञान और दन्तन चिकित्सा जैसी विशेषज्ञता चिकित्साएँ हर महीने लगातार दी जा रही हैं। ये चिकित्सालय लाभार्थियों को अपनी समस्या सुलझा लेने में सहायता करते हैं। दो लाभार्थियों को अपने मूत्रीय अवरोधन और सीने में सूजन के लिए सरकारी अस्पतालों में शल्य चिकित्सा के लिए भेजा गया। एक लाभार्थी ने शंकर नेत्रालय में तुरन्त

निर्देशित किये जाने पर अपनी आँखों में रोशनी पायी, जो रोशनी एक घाव के कारण चली गयी थी। तंत्रिका कोशिकाप्रद का एक लाभार्थी ने सरकारी आम अस्पताल में मुफ्त जाँच पायी।

इस विभाग में निम्नलिखित इकाइयाँ आती हैं जैसे शीघ्र हस्तक्षेप, भौतिक चिकित्सा, व्यावसायिक चिकित्सा, कृत्रिम अंग और ऋजु संबंधी इकाई। आवश्यक लाभार्थियों को प्रतिअपस्मारी और प्रतिमनोवैश्लेषित दवाइयाँ दी जाती हैं। दवाइयों का 10 प्रतिशत मूल्य वसूल किया जाता है ताकि यह सुनिश्चित करें कि लाभार्थी नियमित रूप से दवाइयाँ लेते हैं। 2014–15 वर्ष के दौरान लाभ प्राप्त लाभार्थियों का विवरण निम्नलिखित है

सारणी 16 : नये लाभार्थी व अनुवर्ती लाभार्थी (पीएमआर)

नये लाभार्थी			अनुवर्ती सत्र		
एकल विकलांग	बहुविकलांग	कुल	एकल विकलांग	बहुविकलांग	कुल
633	351	984	471	254	1709

सारणी 17 : 2014–15 वर्ष में विशेष चिकित्सा सेवाएँ प्राप्त लाभार्थी

विशेषता	नये लाभार्थी		कुल	अनुवर्ती सत्र		कुल	अवस्थाएँ
	पुरूष	स्त्री		पुरूष	स्त्री		
मनोविकृति विज्ञान	49	30	79	273	100	373	मंद तंत्रिका रोग, शियोफरेनिया और मनोग्रस्तीय बाध्यता अनियमितता
तंत्रिका विज्ञान	50	40	90	260	167	427	अपस्मार, मस्तिष्क अर्बुद, चयापचय का स्वाभाविक दोष और प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात
दन्तन	27	30	57	122	77	199	केरीस और मसूड़ों में संदूषण
नेत्र चिकित्सा	20	20	40	26	35	61	मोतियाबिन्द, कार्निया में फूली, मंददृष्टिता, अपवर्तक दोष और प्रान्तस्था दृष्टि क्षति
औषधालय (दवाईयाँ देना)	67	17	84	2544	1105	3649	प्रति अपस्मार और मनोविकृति की दवाइयाँ
कुल	213	137	350	3225	1484	4709	

4.1.1 शीघ्र हस्तक्षेप इकाई:

शीघ्र हस्तक्षेप इकाई में निर्धारण के दौरान विकलांग बच्चों के अभिभावक

शीघ्र हस्तक्षेप इकाई तीन वर्ष की आयु से कम बहुविकलांग लाभार्थी की सेवायें करती है। बच्चों को विशेष कार्यकलाप दिये जाते हैं ताकि संज्ञानात्मकता, संवेदिक ज्ञान, भावात्मक और सामाजिक विकास और प्रेरक विकास आदि हो। संवेदिक ज्ञान उत्तेजन दृष्टि प्रशिक्षण से कम उमर के बच्चों की नेत्र–दृष्टि का विकास हुआ। तंत्रिका विकासात्मक चिकित्सा ने कई बच्चों को उनका प्रेरक लक्ष्य प्राप्त करने में सहायता की। अभिभावकों को उनके बच्चों की रूद्धता के बिना खिलाने का प्रशिक्षण दिया गया। घर पर बच्चों के साथ काम करने के लिए अभिभावकों को टीएलएम की वस्तुएँ दी गयीं। इस इकाई में काम करनेवाला शीघ्र हस्तक्षेपकर्ता विभिन्न क्षमताएँ देकर अन्तर्विभागीय व्यक्ति का काम करता है। यह इकाई पीजीडीईआई के छात्रों के लिए एक अच्छी प्रयोगशाला भी है। 2014–15 वर्ष के लाभार्थियों का विवरण निम्नलिखित है:

सारणी 18 : नये लाभार्थी और अनुवर्ती लाभार्थी (शीघ्र हस्तक्षेप)

नये लाभार्थी			अनुवर्ती सत्र		
एकल विकलांग	बहुविकलांग	कुल	एकल विकलांग	बहुविकलांग	कुल
22	120	142	150	2159	2309

4.1.2 भौतिक चिकित्सा इकाई :

भौतिक चिकित्सा; विज्ञान में एक आधुनिक शाखा है। इस उपचार में निम्नलिखित तकनीकें शामिल हैं:

- उष्ण चिकित्सा : उष्ण के आधार पर उपचार
- जल चिकित्सा : जल के आधार पर उपचार
- शीत चिकित्सा : हिमांक के आधार पर उपचार
- बिजली चिकित्सा : बिजली के रूपों के आधार पर उपचार
- अभ्यास चिकित्सा : अभ्यास के आधार पर चिकित्सा जिसमें परिचालन और संग्रहण शामिल हैं

• हमारे संस्थान (एनआईईपीएमडी) में विकलांग लाभार्थियों को उपरलिखित चिकित्साएँ दी जाती हैं।

एनआईईपीएमडी में भौतिक चिकित्सा विभाग में मुख्य सेवा इकाइयाँ निम्नलिखित हैं:

1. तन्त्रिका विकासात्मक चिकित्सा
2. बिजली की चिकित्सा और चाल प्रशिक्षण
3. वास्तविक प्रशिक्षण
4. फुप्फुसीय पुनर्वास

तन्त्रिका विकासात्मक चिकित्सा : इस इकाई में लाभार्थियों को तन्त्रिका विकासात्मक उपगमन, वज़न उठाने का अभ्यास और खड़े होने का अभ्यास आदि उपचार दिये जाते हैं। यहाँ मस्तिष्क क्षतिवाले लाभार्थी को विशेष चिकित्सा कार्यक्रम प्रदान किया जाता है और उनकी प्रेरक क्रियाओं को पुनर्वास दिया जाता है।

बिजली की चिकित्सा और चाल : यहाँ पुनर्वास और दर्द प्रबन्धन के लिए चिकित्सीय रूपात्मकताएँ प्रयुक्त होती हैं। हस्तक्षेप के लिए विभिन्न आवृत्ति के उपकरण के क्रम विन्यास शामिल हैं। गेइट पुनर्वास भी चालू प्रशिक्षण क्षेत्र के साथ प्रदान किया जाता है जिसमें समानान्तर दण्ड, मुद्रा आइना, ट्रेडमील, स्थिर पैरगाड़ी और एर्गोमीटर आदि शामिल हैं।

वास्तविक प्रशिक्षण : वास्तविक प्रशिक्षण वास्तविक वातावरण के साथ प्रदान किया जाता है जिसमें वास्तविक माध्यम में लाभार्थी एक प्रतिभागी होता है। ऐसे कार्यक्रम द्वारा पुनर्वास के लक्ष्य तक पहुँचा जाता है।

फुप्फुसीय पुनर्वास : श्वसन समस्याओं के लाभार्थियों के लिए फुप्फुसीय पुनर्वास का प्रावधान किया जाता है। लाभार्थियों को पुनर्वास कार्यक्रमों का प्रावधान इसलिए किया जाता है जिससे वे अपनी संवातक क्रिया बढ़ा सके। कुछ प्रकार की स्थितियों में भौतिक चिकित्सा भी विशेष परीक्षाओं के साथ अपना निजी निदान करने का तरीका रखती है। हम भी उनकी उवस्थाओं के अनुसार लाभार्थियों को उनके आवश्यक अपनाने योग्य उपकरणों और गृह कार्यक्रमों का सुझाव देते हैं। भौतिक चिकित्सा विभाग बहुविकलांग व्यक्तियों के पुनर्वास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

भौतिक चिकित्सा इकाई में एक लाभार्थी चिकित्सा पाता है।

सारणी 19 : नये लाभार्थी और अनुवर्ती लाभार्थी (भौतिक चिकित्सा इकाई)

नये लाभार्थी			अनुवर्ती सत्र		
एकल विकलांग	बहुविकलांग	कुल	एकल विकलांग	बहुविकलांग	कुल
309	348	657	934	4456	5390

प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात (गतिविभ्रम) लाभार्थी को भौतिक चिकित्सा इकाई में तन्त्रिका – विकासात्मक सुविधा उपागमन दिया जाता है।

4.1.3 व्यावसायिक चिकित्सा इकाई :

पुनर्वास व्यवस्था में व्यावसायिक चिकित्सा एक अनिवार्य इकाई है जिससे प्रयोजनमूलक तथा उत्पादक कार्यकलापों द्वारा दैनिक जीवन के कार्यों में लाभार्थी की स्वतंत्रता बढ़ाने और अधिकतम क्रियात्मक क्षमता प्रदान की जा सके।

संवेदिक एकीकरण चिकित्सा सत्र

व्यावसायिक चिकित्सा का मुख्य ध्यान है लाभार्थी की क्रियात्मक क्षमता की वृद्धि करने का लक्ष्य किया जाए। इसमें स्थूल चलन और बारीक चलन दोनों शामिल होंगे, विकासशील विशिष्टताएँ प्राप्त की जायेंगी, और संज्ञानात्मक – बोधात्मक शक्ति बढ़ाना तथा दैनिक जीवन कार्यों की शक्ति बढ़ाना भी शामिल हैं।

व्यवसायिक चिकित्सा सेवाओं में आनेवाले लाभार्थियों की पूर्व–परीक्षा की जाती है, फिर लक्ष्य निर्धारित किया जाता है और चिकित्सा का कार्यान्वयन होता है। लाभार्थियों की प्रगति का नियमित अनुश्रवण होता है और प्रलेख कर लिया जाता है।

एनआईईपीएमडी में व्यावसायिक चिकित्सा सेवा द्वारा बहुविकलांग लाभार्थी प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात, मानसिक मंदन, आत्मविमोह वर्णक्रम अव्यवस्था, ध्यान अभाव अतिक्रियाशीलता अव्यवस्था, शिक्षण अशक्तता, हस्थि संबंधी एवं तन्त्रिका संबंधी अव्यवस्थाएँ, जरा चिकित्सा अवस्थाएँ, मनोविकृति की अवस्थाएँ और अन्य विकासशील अशक्तताएँ आदि का इलाज पाकर लाभान्वित हुए हैं।

हर महीने औसतन 925 लाभार्थी व्यावसायिक चिकित्सा सेवाओं द्वारा लाभान्वित हुए हैं जो 3 विशेषज्ञ पेशेवरों द्वारा किये जाते गये।

व्यावसायिक चिकित्सा इकाई ने मनोविकृति, चिकित्सा, हस्त खपची, दैनिक जीवन इकाई के कार्यकलाप मनोरंजन कार्य इकाई आदि को अपनी सेवाओं में निर्मित करने कर प्रस्ताव दिया है। निकट भविष्य में नई इकाइयाँ निर्मित करने के बाद, लाभार्थियों की संख्या हर महीने 1600 तक बढ़ सकती है।

इसके अतिरिक्त, हमारे पेशेवरों ने एडीआईपी योजना के अधीन विस्तार केन्द्र सेवाओं, पहचान तथा सामग्री वितरण शिविरों में भाग लिया है।

तन्त्रिका संबंधी क्षति के लाभार्थियों को खप ची का नुस्खा और अनुकूल उपकरण भी दिये जाते हैं उनको खपची बाँधना, पहनने की पद्धति और खपची का अनुरक्षण आदि सिखाये जाते हैं।

व्यावसायिक चिकित्सा सेवाओं द्वारा हर लाभार्थी का यथार्थवादी लक्ष्य प्राप्त किया जाता है।

विकासशील चिकित्सा सत्र

संवेदिक उत्तेजन चिकित्सा सत्र

व्यावसायिक चिकित्सा विभाग के शिक्षक विभिन्न मानव संसाधन विकास कार्यक्रमों, दीर्घकालीन और अल्पकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में व्याख्यान भी देते हैं।

विकासशील चिकित्सा सत्र

संवेदिक उत्तेजन चिकित्सा सत्र

इसके अतिरिक्त, एनआईईपीएमडी में व्यावसायिक चिकित्सा इकाई ने व्यावसायिक चिकित्सा का स्नातक डिग्री शुरू करने का प्रस्ताव किया है। इन प्रक्रियाओं के एक अंग के रूप में, चिकित्सा शिक्षा निदेशालय (डीएमई) पेशेवर दल ने हमारे संस्थान के अंतः संरचना और अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। अतः 2015–16 शैक्षिक वर्श में स्नातक पाठ्यक्रम शुरू करने का मौका संभव है। 2014–15 वर्ष के दौरान लाभान्वित हुए लाभार्थियों की संख्या निम्नलिखित हैः

सारणी 20 : नये लाभार्थी और अनुवर्ती लाभार्थी (व्यावसायिक चिकित्सा)

नये लाभार्थी			अनुवर्ती सत्र		
एकल विकलांग	बहुविकलांग	कुल	एकल विकलांग	बहुविकलांग	कुल
248	606	854	3100	8021	11121

4.1.4 कृत्रिम अंग और विकलांग इकाई :

कृत्रिम अंग वह विज्ञान है जिसमें शरीर में खोया हुआ अंग बिठाया जाता है। जो जन्मजात हो या दुर्घटना के कारण अंग विच्छेद जैसे सारे अवयव, उँगलियाँ, हाथ का अंश, पैर का टुकड़ा, आँख, नाक, कान आदि हुआ हो।

विकलांग का मतलब विज्ञान जिसमें अंगों की विकृतियों को भौतिक रूप से ठीक करना, अंग विच्छेदन, और शरीर में शक्ति कार्य को सुधारना, कमजारे अंगों का अवलंब देना, अनावश्यक गति को रोकना कृत्रिम अंग और विकलांग को नापना, कृत्रिक अंगों और विकलांगों को गढ़ना आदि आते हैं। लाभार्थियों का विकलांग बिठाकर, उन्हें प्रशिक्षण दिया गया है।

एक लाभार्थी को निचला कृत्रिम अंग बिठाया जा रहा है।

कृत्रिम अंग और विकलांग एक पुनर्वासात्मक तरीका है जो लोगों के विकलांग और तान्त्रिक माँसपेशीय अव्यवस्थाओं जन्मजात की हानियाँ और अभिघातक अंग विच्छेदनों की कमियों को ठीक करने का काम करता है। विकलांग व्यक्तियों का सम्मान, प्रतिष्ठा और स्वपूर्ति में सहायता करता है। हर व्यक्ति को, फिर से इस दुनिया को नयी मिली स्वतंत्रता के साथ सकारात्मक गुण के साथ देखने देता है।

सारणी 21 : नये लाभार्थी और अनुवर्ती लाभार्थी (कृत्रिम अंग और विकलांग)

नये लाभार्थी			अनुवर्ती सत्र		
एकल विकलांग	बहुविकलांग	कुल	एकल विकलांग	बहुविकलांग	कुल
134	243	377	187	306	493

कृत्रिम अंग और विकलांग तकनीशियन एक लाभार्थी का परिणाम लेता है।

4.2 नैदानिक मनोविज्ञान विभाग :

3.	श्री पी.रघुराम व डॉ. नीरदा चन्द्रमोहन	अर्धांगगत प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात के बच्चों में ऊपरी अंग समन्वयन, गति और दक्षता पर हाथ भुजा द्विहस्त गहरी चिकित्सा का प्रभाव	बहुविकलांग व्यक्तियों की अधिकारिता पर अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन की कार्यवाहियाँ, अक्टूबर, 2014
4.	डॉ. नीरदा चन्द्रमोहन और श्री राजेश रामचन्द्रन	स्वलीन वर्णक्रम विकार और मानसिक म ंदन के प्राइमरी बच्चों में हिन्दुस्तानी सांस्कृतिक वाद्ययंत्रों के संगीत में सीखना, चित्र अंकन की क्षमताओं के प्रभाव पर एक अध्ययन	बहुविकलांग व्यक्तियों की अधिकारिता पर अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन की कार्यवाहियाँ, पुस्तक 2(9) 2014
5.	श्री राजेश रामचन्द्रन	एएसडी के प्राथमिक स्तर के बच्चों में एकल अंक व्यवकलन पर सीधे अनुदेश के प्रभावों का अध्ययन	मानवता और सामाजिक विज्ञान में अनुसंधान की पत्रिका पुस्तक 2(9) 2014
6.	श्री नचिकेता राउत व श्रीमती अंकिता कुमारी	श्रवण क्षति के बच्चों के लिए व्यक्तिवृत्त प्रपत्र	ओटोलारिन्गोलोजी की पाकिस्तान पत्रिका पुस्तक 30 (2014)
7.	श्री नचिकेता राउत	भारतीय वेबपेजेस पर अधिगमन का प्रयोग : एक पुनरीक्षण	भारतीय पुनर्वास परिषद् पुस्तक 8 (1 व 2) जनवरी–दिसम्बर, 2012

8.	श्री सुश्मित मिश्रा, श्री नचिकेता राउत	क्रियात्मक स्मृति के साथ अंग्रजी उच्चारण	बहुविकलांग व्यक्तियों की अधिकारिता पर अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन की कार्यवाहियाँ, पुस्तक 2(9) 2014 ISBN : 978-81-928032-2-7
9.	श्री नचिकेता राउत, श्रीमती गायत्री पुरुषोत्तमन	वाक् प्रशिक्षक, समावेशन, एसएलडी तथा डीएसएम–5	बहुविकलांग व्यक्तियों की अधिकारिता पर अन्तर्राष्ट्रीय स म्मेलन की कार्यवाहियाँ, पुस्तक 2(9) 2014 ISBN : 978-81-928032-2-7
10.	श्री नचिकेता राउत, श्रीमती गायत्री पुरुषोत्तमन	भारतीय भाषाओं का पठन एवं उच्चारण–अंग्रेज़ी भाषा में लिखना एवं उच्चारण	बहुविकलांग व्यक्तियों की अधिकारिता पर अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन की कार्यवाहियाँ, पुस्तक 2(9) 2014 ISBN : 978-81-928032-2-7
11.	श्रीमती पूनम कुमारी, श्रीमती सौदामिनी, श्री सुमन कुमार, श्री नचिकेता राउत	अधिगम अक्षम बच्चों तथा विकासशील बच्चों में हिन्दी तथा अंग्रेज़ी भाषा के फोनिक कौशल के विकास पर एक अध्ययन	बहुविकलांग व्यक्तियों की अधिकारिता पर अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन की कार्यवाहियाँ, पुस्तक 2(9) 2014 ISBN : 978-81-928032-2-7
12.	श्री जॉय फिलिप, श्री नचिकेता राउत	विकलांग बच्चों के संप्रेषण विकास के लिए सॉफ्टवेयर का विकास	बहुविकलांग व्यक्तियों की अधिकारिता पर अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन की कार्यवाहियाँ, पुस्तक 2(9) 2014 ISBN : 978-81-928032-2-7
13.	श्रीमती कला समयन, श्री नचिकेता राउत श्री धनवन्दन कुंजु	स्वलीन बच्चों के कठिनाई वाले व्यवहार	बहुविकलांग व्यक्तियों की अधिकारिता पर अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन की कार्यवाहियाँ, पुस्तक 2(9) 2014 ISBN : 978-81-928032-2-7
14.	श्रीमती अनुभूति नागर, श्री नतिकेता राउत	अंतरविभागीय उपागम : एक वाक्प्रशिक्षक की दृष्टि से	बहुविकलांग व्यक्तियों की अधिकारिता पर अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन की कार्यवाहियाँ, पुस्तक 2(9) 2014 ISBN : 978-81-928032-2-7

सारणी 48 : 2014-15 के दौरान प्रकाशित पुस्तक

क्र. स.	पुस्तक का नाम	लेखक	आईएसबीएन संख्या	वर्ष	विषय	भाषा
1.	श्रवण यंत्र रखरखाव मैन्युअल	श्री नचिकेता राउत तथा श्री श्रीधर आर	978–81–928032–1–0	2014	वाक्, श्रवण तथा संप्रेषण	अंग्रेजी
2.	बहुविकलांग व्यक्तियों की अधिकारिता पर अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन की कार्यवाहियाँ, पुस्तक	एनआईईपीएमडी	978–81–928032–2–7	2014	बहुविकलांगता	अंग्रेजी
3.	बाधिराँधता	डा. नीरधा चन्द्रमोहन तथा श्री डी. स्टेलिन अरूल रीगन	978–81–928032–3–4	2014	बाधिराँधता	अंग्रेजी
4.	श्रवण यंत्र परामर्श तथा वाक् प्रशिक्षण	श्री नचिकेता राउत तथा श्री श्रीधर आर	978–81–928032–5–8	2015	वाक्, श्रवण तथा संप्रेषण	अंग्रेजी
5.	बहुविकलांगता पर पुस्तिका	डा. नीरधा चन्द्रमोहन तथा श्री के. बाला भास्कर	978–81–928032–7–2	2015	बहुविकलांगता	आसामिस
6.	संप्रेषण विकास – एक क्रियात्मक पुस्तिका	श्री नचिकेता राउत तथा श्रीमती प्रियदर्शिनी कामराज	978–81–928032–4–1	2015	बहुविकलांगता	अंग्रेजी

अध्याय 7

महत्वपूर्ण घटनाएँ

सेवा और शैक्षिक कार्यकलाप जैसे नियमित कार्यों के अलावा, यह संस्थान विभिन्न विशेष कार्यक्रम और बहुविकलांग व्यक्तियों की बेहतरी के लिए, कार्यशालाओं, सम्मेलनों और अभिज्ञा कार्यक्रमों का आयोजन करता है।

7.1. सचिव का आगमन : श्रीमती स्तुति कक्कड़, सचिव भारत सरकार, विकलांगता मामलों का विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के एनआईईपीएमडी मे 23 अप्रैल 2014 को भ्रमण किया और बहुविकलांग व्यक्तियों को दिये जानेवाले विभिन्न सेवा कार्यकलापों का पुनरीक्षण किया।

7.2 आरसीआई के अध्यक्ष का भ्रमण:

प्रो. सुदेश मुखोपाद्याय, अध्यक्ष, आरसीआई ने 7 अप्रैल 2014 को एनआईईपीएमडी में भ्रमण किया। उस समय डॉ. नीरदा चन्द्रमोहन, निदेशक, एनआईईपीएमडी ने उनको विभिन्न विभागीय कार्यकलापापें का विवरण दिया। आरसीआई के अध्यक्ष ने भारत सरकार की केन्द्र खण्ड छात्रवृत्ति योजना के अधीन योग्य अनुसूचित जाति के छात्रों को 'लेपटॉप' वितरित किये।

7.3 स्वलीनता जागरूकता:

एनआईईपीएमडी ने 2 अप्रैल 2014 को स्वलीनता जागरूकता दिवस मनाया। उक्त अवसर पर एनआईईपीएमडी ने स्वलीन व्यक्तियों के लिए 1 अप्रैल 2014 को चित्रांकन प्रतियोगिता आयोजित की। चेन्नई में और निकटस्थ स्थानों पर स्वलीन दिवस के बैनर लगाये गये। स्वलीनता जागरूकता पर पैम्फलेट दिये और दैनिक समाचार पत्रों में भी छपवाये। 2 अप्रैल 2014 को स्वलीनता के और अन्य विकलांगों तथा प्रशिक्षणार्थी छात्रों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर डॉ. अन्बुदुरै, मनोवैज्ञानिक, हिन्दू मेडिकल मिशन, चेन्नई मुख्य अतिथि रहे। चित्रांकन प्रतियोगिता विजेताओं के मुख्य अतिथि ने पुरस्कार वितरित किये।

7.4 प्रदर्शनी:

विद्यासागर द्वारा 12–13 अप्रैल 2014 को आयोजित प्रदर्शनी यह विक्रय मेले में एनआईईपीएमडी ने भाग लिया।

7.5 कुलपति का भ्रमण:

डॉ. निशिथ राय, कुलपति, डॉ. शकुन्तला मिश्रा, पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ ने 2 मई 2014 को एनआईईपीएमडी में भ्रमण किया।

7.6 आतंकवाद निषेध दिवसः

भूतपूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी का शहीदी दिवस 21 मई 2014 को आतंकवाद निषेध दिवस मनाया गया। इस संबंध में डॉ. विजय शंकर शर्मा, निदेशक (प्रभारी) और श्री एस. शंकर नारायणन, उपकुलसचिव एनआईईपीएमडी ने अपने शिक्षक कर्मचारियों को आतंकवाद निषेध दिवस की शपथ दिलायी।

7.7 हेलन केलर दिवसः

एनआईईपीएमडी ने डॉ. हेलन केलर का 134वाँ जन्मदिवस 27 जून 2014 को मनाया। इस अवसर पर एनआईईपीएमडी ने बधिराँधता (आँखों पर पट्टी बाँधने और कान में टेंठी लगाने का कार्यकलाप) पता लगाने के अनुरूपण कार्यक्रमों का आयोजन किया। डॉ. हेलन केलर (मिरकिल वर्कर) की फिल्म दिखायी गयी और 20 सीडी प्लेयर और 20 श्रवण यन्त्र विकलांग व्यक्तियों को वितरित किये गये। प्रो. जयचन्द्रन, निदेशक, विजय ह्यूमन सर्विसेस, चेन्नई उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि रहे।

7.8 उपाधि ग्रहण उत्सव और पूर्व छात्र मिलनः

बी.एड विशेष शिक्षा (एमडी) का द्वितीय उपाधिग्रहण उत्सव 16 अप्रैल 2014 को एनआईईपीएमडी में हुआ। सुश्री किरण पुरी, आईएएस, जेएस व एफए, एमएसजे व ई, भारत सरकार, मुख्य अतिथि रहीं और प्रो. वी.एस. सुन्दर, इंस्टिट्यूट ऑफ मैथमेटिकल साइन्सेस, चेन्नई उक्त अवसर पर विशेष अतिथि थे। लगभग 25 स्नातकों ने डिग्री प्रमाण पत्र प्राप्त किये। एनआईईपीएमडी के पुराने छात्रों का मिलन भी 16 अगस्त 2014 को आयोजित किया गया।

7.9 स्वतंत्रता दिवसः

एनआईईपीएमडी ने 15 अगस्त 2014 को 68वाँ स्वतंत्रता दिवस मनाया। डॉ. नीरदा चन्द्रमोहन, निदेशक, ने राष्ट्र ध्वज फहराया और स्वतंत्रता दिवस भाषण दिया।

7.10 सद्भावना दिवस का अनुपालनः

श्री राजीव गांधी, भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री का जयन्ती स्मरणोत्सव 20 अगस्त 2014 को सद्भावना दिवस के रूप में अपनाया गया। डॉ. नीरदा चन्द्रमोहन, निदेशक ने अपने कर्मचारियों को सद्भावना दिवस की शपथ दिलायी।

7.11 सम्मेलन और प्रदर्शनीः

एनआईईपीएमडी और कान्फेडरेशन ऑफ इंडियन इण्डस्ट्री (सीआईआई), चेन्नई के सम्मिलित तत्वाधान में "सहयोगशील और पुनर्वास तकनीकियाँ : जीवन के उन्नत स्तर के लिए सम्मिलित तकनीकियाँ" पर अगस्त 2014 को एक सम्मेलन का आयोजन किया गया। श्री एस. श्रीधरन, भूतपूर्व अध्यक्ष, सीआईआई, चेन्नई, अंथल व प्रबन्ध निदेशक ने विशेष भाशण दिया। श्री राजा शणमुखम, अध्यक्ष और मुख्य लोक अधिकारी, हैप्पियस्ट मैण्ड्स टेक्नालोजीस प्रा. लि., चेन्नई ने विषय वस्तु का भाषण दिया और उक्त अवस

पर डॉ. नीरदा चन्द्रमोहन, निदेशक, एनआईईपीएमडी ने विषय विशेष भाषण दिया। उक्त सम्मेलन में एनआईईपीएमडी ने स्टाल भी लगाया। बहुविकलांग व्यक्तियों के लिए अनुकूलनीय उपकरणों और टीएलएम सामग्रियों का प्रदर्शन किया गया।

7.12 एनआईईपीएमडी में मंत्री का भ्रमणः

मननीय मंत्री श्रीमती उमा देवी, महिला और बाल विकास, उड़ीसा सरकार और श्रीमती कस्तूरी मोहपात्रा, राज्य निःशक्तता आयुक्त, उड़ीसा सरकार ने एनआईईपीएमडी में 25 अगस्त 2014 को भ्रमण किया।

7.13 आधारशिला स्थापना उत्सवः

एनआईईपीएमडी में 26 सितम्बर 2014 को जल चिकित्सा पूल और एथलेटिक ट्रैक की आधारशिला स्थापना समारोह 26 सितम्बर 2014 को मनाया गया। माननीय मंत्री श्री थावर चंद गहलोत, एमएसजे व ई, भारत सरकार ने माननीय राज्य मंत्री सुदर्शन भगत, एमएसजे व ई, भारत सरकार की उपस्थिति में आधारशिला रखी। विकलांग व्यक्तियों को दी जानेवाली विभिन्न सेवाओं का मंत्रियों ने भ्रमण कर अवलोकन किया तथा उक्त समारोह में मंत्रियों ने "बधिराँधता" शीर्षक पर एक पुस्तक का विमोचन किया।

7.14 एडीआईपी शिविर और प्रदर्शनीः

एनआईईपीएमडी ने एस.वी. विश्वविद्यालय, तिरूपति में 27 सितम्बर 2014 को विकलांग व्यक्तियों के साधनों और सहयोगशील उपकरणों का वितरण शिविर का आयोजन किया। माननीय मंत्री श्री थावर चंद गहलोत, एमएसजे व ई, भारत सरकार व माननीय राज्य मंत्री सुदर्शन भगत, एमएसजे व ई, भारत सरकार ने लाभार्थियों को सामग्रियों और उपकरणों का वितरण किया। मंत्रियों ने एनएलएल, अलिमको, और अन्य विभागों द्वारा लगाये प्रदर्शनी स्टालों का भी उद्घाटन किया।

7.15 स्वच्छ भारत मिशन :

महात्मा गाँधी का जन्म दिवस स्मरणोत्सव 2 अक्टूबर 2014 को मनाने के उपलक्ष्य में स्वच्छ भारत अनुपालन की शपथ लेने के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार एनआईईपीएमडी ने स्वच्छ भारत रैली का आयोजन किया। डॉ. नीरदा चन्द्रमोहन, निदेशक ने एनआईईपीएमडी के कर्मचारियों को स्वच्छ भारत की शपथ दिलायी और कर्मचारियों द्वारा एनआईईपीएमडी परिसर के अन्दर और निकटस्थ स्थानों पर स्वच्छता कार्य भी चलाया गया।

7.16 राष्ट्रीय कार्यशाला :

एनआईईपीएमडी ने गोवा में 9–10 अक्टूबर 2014 को बहुविकलांग व्यक्तियों की अधिकारिता पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की।

7.17 विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस:

एनआईईपीएमडी ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया। इस अवसर पर स्मरणोत्सव में एनआईईपीएमडी ने 10 से 16 अक्टूबर 2014 तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। 10 व 14 अक्टूबर 2014

को एनआईईपीएमडी के आदर्श विद्यालय के बच्चों, व्यावसायिक प्रशिक्षण के छात्रों और सामान्य विद्यालय के बच्चों के लिए पुतली का नाच और तंत्र प्रदर्शन का आयोजन किया गया। अतिथि शिक्षकों, सहायक कर्मचारियों, गृह रक्षा और सुरक्षा कर्मचारियों के लिए एक भाशण प्रदर्शन आयोजित किया गया। "विकलांग पुनर्वास में संज्ञानात्मक मूल्यांकन" पर एक कार्यशाला मनोविज्ञान में स्नातक और स्नातकोत्तर के छात्रों के लिए 14–15 अक्टूबर 2014 को चलायी गयी।

7.18 बहुविकलांग व्यक्तियों की अधिकारिता पर अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनः

राष्ट्रीय बहुविकलांग व्यक्ति अधिकारित संस्थान (एनआईईपीएमडी) विकलांग मामलों का विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, विज्ञान भवन, नई दिल्ली में 29–30 अक्टूबर 2014 को "बहुविकलांग व्यक्तियों की अधिकारिता – बहुविकलांग व्यक्तियों के लिए शिक्षा की सुगमता" पर अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। इस सम्मेलन का उद्घाटन समारोह विज्ञान भवन (कक्ष सं 5), नई दिल्ली में 29 अक्टूबर 2014 को हुआ। उक्त अवसर पर श्री थावर चन्द गहलोत, माननीय मंत्री, सामाजिक न्याया और अधिकारित मंत्रालय, भारत सरकार मुख्य अतिथि रहे। श्रीमती स्तुति कक्कड़, सचिव विकलांग मामलों का विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार उक्त सम्मेलन में विशेष अतिथि थीं और श्री अवनीश कुमार अवस्थी, संयुक्त सचिव, विकलांग मामलों का विभाग, सामाजिक न्याय और

अधिकारित मंत्रालय, भारत सरकार, प्रो (श्रीमती) सुदेश मुखोपाध्याय, अध्यक्षा, आरसीआई, नई दिल्ली, प्रो. ए.पी. तिवारी, डीन, डॉ. शकुन्तला मिश्रा, राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ और डॉ. डब्ल्यू सेल्वमूर्ति, अध्यक्ष अमिति विज्ञान, तकनीक और नवाचार फाउण्डेशन, नोएडा हमारे प्रमुख अतिथि रहे।

अन्तर्राष्ट्रीय पुनर्वास के क्षेत्र में प्रसिद्ध पेशेवर (डॉ. सोज़िन क्राग, दक्षिण अफ्रीका, यूके, सुश्री जिल्लेन मोरबे, प्रो. रोसनगेला मचाडो, ब्रेजिल, डॉ. नोरा ग्रिफ्फीन शिर्ले, यूएसए और डॉ. देविन्दर बन्दा (यूएसए) और राश्ट्रीय वक्ता (डॉ. प्रमीला बालसुन्दरम, डॉ. हिमांशु दास, सुश्री मेरी बरूआ, श्री अखिल पाल, डॉ. प्रतिभा कारन्त, श्री समीर सेठी, प्रो पी जयचन्द्रन, डॉ. अमिताव मिश्रा, डॉ. रूबिना लाल, डॉ. नीरदा चन्द्रमोहन और डॉ. राजगुरू) जैसे भारत के विभिन्न राज्यों के सदस्यों ने भाग लिया और उक्त सम्मेलन में आने विचार प्रकट किये।

7.19 भारत निर्माण लोक सूचना अभियान:

पुदुच्चेरी में प्रेस सूचना ब्यूरो (पीओबी), चेन्नई द्वारा 17 से 19 नवम्बर 2014 तक आयोजित भारत निर्माण लोक सूचना अभियान प्रदर्शनी में एनआईईपीएमडी ने भाग लिया। माननीय मुख्यमंत्री एन. रंगसामी, पुदुच्चेरी ने 17 नवंबर 2014 को प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। डा. एस. सुन्दर वडिवेलु, जिला कलेक्टर पुदुच्चेरी ने उक्त समारोह की अध्यक्षता ग्रहण की। उस प्रदर्शनी में केन्द्र और राज्य के मंत्रालयों और विभागों ने भाग लिया।

7.20 कार्यशाला :

भारतीय शिशु कल्याण परिषद्, तमिलनाडु और एनआईईपीएमडी ने मिलकर एनआईईपीएमडी सम्मेलन कक्ष मे 19 नवंबर 2014 को "विकलांग बच्चों की सुरक्षा वृद्धि पर राज्य स्तर की परिचर्या" पर एक कार्यशाला आयोजित की गयी।

7.21 विकलांग व्यक्तियों का अन्तर्राष्ट्रीय दिवस :

एनआईईपीएमडी द्वारा विकलांग व्यक्तियों का अन्तर्राष्ट्रीय दिवस विभिन्न कल्याण कार्यकलापों और कार्यक्रमों द्वारा मनाया गया। समारोह के क अंग के रूप में एनआईईपीएमडी ने विकलांग व्यक्तियों, अभिभावकों, कर्मचारियों और प्रशिक्षणार्थियों के लिए 24 से 28 नवम्बर 2014 तक खेलकूद कार्यक्रमों का आयोजन किया। सेन्ट जोसफ हायर सैकण्डरी स्कूल, कोवलम, चेन्नई के छात्रों के लिए 1 दिसम्बर 2014 को चित्रांकन प्रतियोगिता आयोजित की गयी और कोवलन, चेन्नई के एमटीसी बस ड्राइवरों के लिए विकलांग का बोध कार्यक्रम चलाया गया। 2 दिसम्बर 2014 को पडूर से केलम्बाक्कम तक बोध रैली आयोजित की गयी। दिसम्बर 2014 को एनआईईपीएमडी ने विकलांग व्यक्तियों का सम्मान किया। डा. विरूदगिरिनाथन, शिक्षा तान्त्रिक मनोवैज्ञानिक, चेन्नई उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे। छात्रों और विकलांग व्यक्तियों के लिए विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम चलाये गये। विजेताओं को पुरस्कार दिये गये।

7.22 विस्तार केन्द्र का उद्घाटन :

एनआईईपीएमडी ने अपने विस्तार केन्द्र 3 दिसम्बर 2014 और 6 दिसम्बर 2014 को शिक्षा वातावरण सामाजिक और स्वास्थ्य कार्य की समिति (सीशा) और अश्विनी सोसाइटी और रोटरी क्लब ऑफ गुडलूर, क्रमशः वानगरम, चेन्नई और गूडलूर में शुरू किये।

7.23 रेस्पाइट केयर सेन्टर :

विकलांग व्यक्तियों के रेस्पाइट केयर सेन्टर एनआईईपीएमडी का 19 दिसम्बर 2014 को उद्घाटन किया गया। कलैमामणि एच. रामकृष्णन, वायोलिन वादक और भूतपूर्व निदेशक (नयी इकाई), दूरदर्शन, चेन्नई ने उद्घाटन किया। प्रो. पी. रामचन्द्रन, निदेशक, विजय ह्यूमन सर्विसेज चेन्नई विशेष अतिथि थे।

7.24 सामान्य परिषद् की बैठक :

एनआईईपीएमडी की सामान्य परिषद् (जीसी) की आठवीं बैठक 15 दिसम्बर 2014 को सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली में अध्यक्षा श्रीमती स्तुति कक्कड़, आईएएस, सचिव विकलांग मामलों का विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। परिशद् के सदस्यों ने बैठक में भाग लिया।

7.25 राष्ट्रीय स्तर के खूलकूदः

एनआईईपीएमडी ने विशेष शिक्षा के प्रशिक्षणार्थियों के लिए द्वितीय राष्ट्रीय स्तर की खेलकूद प्रतियोगिता 16 से 18 जनवरी, 2015 तक एनआईईपीएमडी में और तमिलनाडु भौतिक शिक्षा और खेलकूद विश्वविद्यालय चेन्नई में आयोजित की। श्री डब्ल्यू.आई. देवारम, आईपीएस, पुलिस महानिदेशक (सेवानिवृत्त), अध्यक्ष –तमिलनाडु अथेलिटिक एसोसिएशन, मुख्य अतिथि रहे और डॉ. एम.एस. नागराजन, वरिष्ठ प्रबन्धक, विशेष ओलम्पिक्स एशिया पैसिफिक रीजन विशेष अतिथि थे।

7.26 सामाजिक न्याय और अधिकारिता की स्थायी समिति का भ्रमण:

सामाजिक न्याय और अधिकारिता की संसदीय स्थायी समिति एनआईईपीएमडी में श्री रमेश बयस की अध्यक्षता में 29 जनवरी, 2015 को आयी। समिति के सदस्यों ने पौधे लगवाये और एनआईईपीएमडी के विभिन्न सेवा कार्यकलापों का पुनरीक्षण किया।

7.27 कम्पोसिट शिविर:

एनआईईपीएमडी ने एनटीआर स्टेडियम, अनाकापल्ली, आँध्रप्रदेश में 14 फरवरी 2015 को साधन और उपकरणों के मुफ्त वितरण के लिए आयोजित कम्पोसिट शिविर में भाग लिया और स्टाल भी लगाया। श्री थावर चन्द गहलोत, माननीय मंत्री, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार ने उस समारोह की अध्यक्षता की

7.28 राष्ट्रीय संगोष्ठी :

एनआईईपीएमडी ने "विकलांग व्यक्तियों के पूर्ण सम्मिलन के लिए शिक्षा और खेलकूद में सहयोगशील तकनीक" विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी 6–7 फरवरी, 2015 को आयोजित की। विकलांग प्रबन्धन और विशेष शिक्षा के शिक्षक, रामकृष्ण मिशन विवेकानन्द विश्वविद्यालय, कायेम्बटूर ने सहयोग दिया। एनआईईपीएमडी ने राष्ट्रीय संगोष्ठी में स्टाल भी लगाया।

7.29 स्वच्छ भारत मिशन :

स्वच्छ भारत मिशन के अंग के रूप में एनआईईपीएमडी ने 19 फरवरी, 2015 को एनआईईपीएमडी के परिसर के पीछे स्वच्छता कार्यक्रम चलाया।

7.30 स्वच्छ भारत मिशन :

स्वच्छ भारत मिशन के अंग के रूप में एनआईईपीएमडी ने एनआईईपीएमडी के परिसर के निकट ईसीआर की मुख्य सड़क पर 20 मार्च, 2015 को स्वच्छता कार्यक्रम चलाया।

अध्याय 8

प्रशासन

प्रशासनिक इकाई में विभिन्न अनुभाग शामिल हैं जैसे प्रशासन, स्थापना, संपदा एवं अनुरक्षण, लेखा भण्डार एवं क्रय, प्रशिक्षण कार्यक्रम/शैक्षिकता एवं पुस्तकालय और सूचना अनुभाग इस संस्थान के प्रभावी संचालन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रशासन, कार्मिक, सतर्कता, भारत सरकार की विभिन्न नीतियों का कार्यान्वयन, नियम–विनियम, मार्गदर्शक, क्रय, संभारतन्त्र, शैक्षिक कार्यक्रमों की निविदा, बजट और आर्थिक प्रबंधन, संपदा, सूचना का प्रचार–प्रसार, संचार माध्यम द्वारा प्रचार, आरटीआई, राजभाषा कार्यान्वयन आदि के मामले प्रशासनिक इकाई के इन अनुभागों के अन्तर्गत किये जाते हैं।

8.1 कर्मचारी वर्ग :

स्वीकृत नियमित पदों का विवरण और प्रतिवेदित वर्ष 2014–15 के दौरान भरे गये पदों का विवरण निम्न प्रकार से है:

स्वीकृत संख्या का विवरण : एनआईईपीएमडी

स्वीकृत पदों की कुल संख्या

(भारत सरकार/ईएफसी द्वारा स्वीकृत)	:	71 पद
फेज़ 1 में सृजित पदों की संख्या	:	32 पद
फेज़ 2 में संख्या	:	39 पद

ग्रूप – ए

निदेशक	:	01
उप कुलसचिव (प्रशासन)	:	01
सह प्राध्यापक	:	06
लेखा अधिकारी	:	01
प्रवक्ता	:	06
सूचना एवं संचार माध्यम अधिकारी	:	01

ग्रूप – बी

पुनर्वास अधिकारी	: 06
कार्यक्रम सहायक	: 06
विशेष शिक्षा शिक्षक	: 04
कुल	: 32 पद

सारणी 49 : फेज 1 में भरे गये पदों और खाली पदों का विवरण (31 मार्च 2015 तक)

क्रम स.	पद का नाम	स्वीकृत	भरे गये पद	खाली पद
1.	निदेशक	01	01	00
2.	सह प्राध्यापक	06	02	04
3.	उप कुलसचिव (प्रशासन)	01	01	00
4.	लेखा अधिकारी	01	01	00
5.	प्रवक्ता	06	06	00
6.	सूचना : संचार माध्यम अधिकारी	01	01	00
7.	पुनर्वास अधिकारी	06	06	00
8.	कार्यक्रम सहायक	06	06	00
9.	विशेष शिक्षा शिक्षक	04	04	00
	कुल	32	28	04

नोटः 1. मुम्बई से एनआईएचएच से ग्रुप डी (चपरासी) को एक पद स्थानान्तरित हुआ है।

8.1.1 पहचाने गये एससी/एसटी, ओबीसी और पीडब्ल्यूडी के पिछले सुरक्षित पदों को भरना:

पहचाने गये पिछड़े संचित खाली पदों को भरने के मामलें में भारत सरकार के अनुदेशों का पालन करते हुए विशेषकर अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़े वर्ग और विकलांग व्यक्तियों के संबंध में विशेष भर्ती चला–चलाकर करना था – देखिए सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की पत्र संख्या डी. ओ. सं. 27–02/2008–सीडीएन दिनांक 7 मई 2010 एनआईईपीएमडी को इस संबंध में पिछड़े संचित खाली पदों को भरने के संबंध में उचित कार्यवाई करने, उसके संबंध में वार्षिक सीधी भर्ती योजना प्रस्तुत करने और विस्तृत प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने का अनुदेश दिया गया था। फिर भी, यह बताया गया है कि एनआईईपीएमडी की स्थापना 2005 में हुई थी और भारत सरकार ईएफसी द्वारा स्वीकृत 71 पदों में से दशा–1 में केवल 32 पद ही सृजित किये गये और स्वीकृत पदों को भरने को भर्ती कार्यवाई मार्च 2007 के बाद ही की गयी। एससी/एसटी/पीडब्ल्यूडी/ओबीसी के लिए भरने को कोई पिछड़ा संचित खाली पद पहचाना नहीं गया है।

8.1.2 सतर्कता के मामले:

प्रतिवेदित वर्ष के दौरान एनआईईपीएमडी में कोई भी सतर्कता का मामला पहचाना नहीं गया है या बाकी नहीं है।

8.2 संपदा और अनुरक्षण :

2014–15 वर्ष के दौरान मुख्य निर्माण कार्य करते हुए जो निम्नलिखित हैं:

- खेल क्षेत्र का निर्माण
- सायबान लगाना
- दीवार बनाना
- आरओ फिल्टर कक्ष

निम्नलिखित काम योजना स्तर पर हैं:

- श्रव्यता विज्ञान कक्ष
- जल चिकित्सा इकाई
- विशेष भवन में पहली मंज़िल का निर्माण
- रसोई घर और भोजन कक्ष का शीर्ष विस्तार

8.3 पुस्तकालय और सूचना सेवा:

एनआईईपीएमडी का पुस्तकालय 2014–15 के दौरान लगातार अपने लक्ष्य पर जो अधिग्रहण द्वारा नये ज्ञान के सृजन की सुविधा देने के काम पर आगे बढ़ रहा है। इसके उपयोगकर्ताओं को पुस्तकालय विभिन्न सेवाएँ दीं जैसे संदर्भ सेवा, सदस्यता, परिचाल, दस्तावेज़ वितरण, संसाधन बाँट लेना और सूचना चेतावनी सेवा। पुस्तकालय के नियमों के अनुसार पुस्तकालय ग्राहकगणों को प्रिंट आऊट और फोटोकापी सेवा भी प्रदान करता है। एनआईईपीएमडी का पुस्तकालय संस्थान के कर्मचारियों, छात्रों, सरकारी पदाधिकारियों, पुनर्वास पेशेवरों, विकलांग व्यक्तियों और उनके अभिभावकों को सूचना की मांगों की पूर्ति करता है।

छात्र पुस्तकालय में पुस्तकें पढ़ते हैं।

पुस्तकालय संचय में पुस्तकें, पत्रिकाएँ, शोध ग्रंथ, प्रतिवेदन, मानक, पैम्फलेट और अन्य पढ़ने योग्य सामग्रियाँ हैं। इस वर्ष के दौरान 9194 आगन्तुकों ने पुस्तकालय में प्रवेश किया और 1866 पुस्तकें उपयोगकर्ताओं को वितरित की गयीं। इस पुस्तकालय के अलावा कर्मचारियों और छात्रों के लिए संगणक प्रयोगशाला का उपयोग भी मिलेगा। कर्मचारी और छात्र इण्टरनेट और डिजिटल साधनों का उपयोग कर सकते हैं जैसे – जर्नल और ई–पुस्तकें। सोल साफ्टवेयर द्वारा पुस्तकालय कार्यकलापों को स्वचालित कर दिया गया है।

सारणी 50 : 31 मार्च, 2015 तक कुल संख्या

क्रम सं	संग्रह	31 मार्च 2015 तक कुल
01	पुस्तकें	2319
02	पत्रिकाएँ	33
03	समाचार पत्र अंक	2563
04	पिछली पुस्तकें	122

विकलांग व्यक्तियों को पुस्तकालय कम्प्यूटर प्रयोगशाला में प्रशिक्षण दिये जा रहे हैं।

जागरूकता फैलाने के क्रम में यह विभाग विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी संगठनों द्वारा आयोजित प्रदर्शनियों में स्टाल लगाता है। विकलांग व्यक्तियों के अन्तर्राष्ट्रीय दिवस के समय समाचार पत्र में जागरूकता विज्ञापन भी प्रकाशित किया गया। प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात जागरूकता दिवस, हेलन केलर दिवस, स्वलीनता जागरूकता दिवस और विकलांग व्यक्तियों के अन्तर्राष्ट्रीय दिवस के दौरान चेन्नई के अन्दर और निकटस्थ

विभिन्न मुख्य स्थानों पर अभिज्ञा अभियान चलाये गये। सूचना प्रसारण के अधीन, इस विभाग ने विज्ञापन हैण्डआउट और विवरणिकाएँ जैसी 1,00,000 से अधिक अभिज्ञा सामग्रियाँ वितरित की गयीं। एनजीओओ को और सरकारी संगठनों को प्रशिक्षण कार्यक्रमों और जागरूकता के दौरान एनआईईपीएमडी का वार्षिक प्रतिवेदन और अधिकार पत्रिकाएँ वितरित की गयीं। 2014–15 वर्ष के दौरान प्रदर्शनी में प्रतिभागिता और अभिज्ञा अभियान का विवरण निम्न प्रकार है:

सारणी 51 : प्रदर्शनी और अभिज्ञा अभियान के विवरण

क्रम स.	कार्यक्रम का नाम	तिथि और स्थान
1.	विद्यासागर, चेन्नई में प्रदर्शनी सह विक्रय मेला	12–13 अप्रैल 2014, चेन्नई
2.	विकलांग उत्सव विविधता पर फिल्में दिखाना	20 मई 2014, मणिपुर
3.	"सहयोगशील और पुनर्वास तकनीकियाँः विकसित जीवन स्तर के लिए सम्मिलित तकनीकियाँ" के सम्मेलन में प्रदर्शनी	22 अगस्त 2014, होटल ताज, चेन्नई
4.	विकलांग व्यक्तियों के लिए साधनों और सहयोगशील सामग्रियों की वितरण शिविर में प्रदर्शनी	27 सितम्बर 2014 तिरूपति
5.	भारत निर्माण लोक सूचना अभियान	17–19 नवंबर, 2014 पुदुच्चेरी
6.	विकलांगों और संबंधित मामलों पर फिल्मोत्सव	20–21 जनवरी, गोआ
7.	साधनों और उपकरणों के मुफ्त वितरण की मिश्रित शिविर में प्रदर्शनी	14 फरवरी 2015, अनकापल्ली, आँध्र प्रदेश
8.	विकलांग व्यक्तियों के पूर्ण सम्मिलन के लिए शिक्षा और खेलकूद में सहयोगशील तकनीक पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रदर्शनी	6–7 फरवरी, 2015 कोयम्बटूर
9.	विकलांग और संबंधित मामलों पर फिल्मोत्सव	23–25 मार्च, 2015, अल्ज्वाल, मीजोरम

पुदुच्चेरी में भारत निर्माण लोक सूचना अभियान में एनआईईपीएमडी का स्टाल।

8.3.1 आरटीआई अधिनियम 2005 के अधीन किया गया कामः

एनआईईपीएमडी ने केन्द्रीय सूचना आयोग, भारत सरकार और विकलांग व्यक्तियों की अधिकारिता विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार सूचना अधिकार अधिनियम 2005 को कार्यान्वित किया। संस्थान के निदेशक के नेतृत्व में केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी जो पौनर्वादिक प्राधिकारी हैं, आरटीआई अधिनियम के अन्दर जो व्यक्ति सूचना माँगता है, उसको सूचना देने के जिम्मेदार हैं। आरटीआई अधिनियम के अन्दर अपने नियत कार्यों का कर्तव्य निभाते समय, इस संस्थान में प्रतिवेदित वर्ष 2014–15 के दौरान 24 आरटीआई आवेदन प्राप्त किये जिनमें से 23 आवेदनों को निपटाया गया। एक आवेदक को पैसा जमा करने को कहा गया। इस संबंध में केन्द्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

8.4 राजभाषा का कार्यान्वयन :

इस संस्थान में हिन्दी के कार्यान्वयन के प्रयोजन के लिए एक समिति गठित की गयी जो कार्यालय मामलों में हिन्दी के बेहतर प्रयोग के लिए राजभाषा हिन्दी विभाग (गृह मंत्रालय) द्वारा दिये गये सारे अनुदेशों का पालन करती है। कार्यालय की मोहर और कार्यालय का लेटर–पैड द्विभाषिक बना दिये गये हैं। आरटीआई के हिन्दी आवेदनों का उत्तर हिन्दी में दिया जाता है। इस संस्थान का मासिक प्रतिवेदन पत्र हिन्दी में भेजा गया है और विभिन्न परीक्षाओं से संबंधित प्रश्न पत्र द्विभाषिक बनाये गये हैं और छात्रों को हिन्दी में उत्तर देने का मौका दिया गया है।

8.5 सरकार के विभिन्न आदेशों का कार्यान्वयन :

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, भारत सरकार, डीओपीटी ओएम सं 11013/3/2009 दिनांक 21 जुलाई 2009 में दिये गये अनुदेश के अनुसार, एनआईईपीएमडी ने एक समिति गठित की हैं जो हमारे कार्यालय में कार्यरत महिलाओं के लिंग संतापन के रोकथाम के लिए सीसीएस (आचरण) नियम 1964 के नियम 3 के अनुसार प्रभारी ढंग से काम कर रही है। वर्ष 2014–15 के दौरान उक्त समिति की नियतकालिक पुनरीक्षण बैठकें भी चलायी गयीं।

प्रतिहिंसावादी दिवस 20 मई 2014 के भूतपूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गाँधी के मृत्यु दिवस का स्मरणोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर श्री एस.शंकर नारायणन, उप कुलसचिव (प्रशासन), एनआईईपीएमडी ने कर्मचारियों और छात्रों को प्रतिहिंसा दिवस की शपथ दिलायी।

इस संस्थान ने 20 अगस्त 2014 को शपथ लेकर सद्भावना दिवस मनाया। भूतपूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गाँधी के मृत्यु दिवस के स्मरणोत्सव मनाने के लिए राष्ट्रीय एकता और सांप्रदायिक सद्भावना बढ़ाने के लिए मनाया गया। युवा मामले और खेलकूद मंत्रालय के पत्र (देखिए ओ.एम. दिनांक 11 जुलाई 2008) के अनुसार पालन किया गया।

8.6 लोक शिकायतः

2014–15 वर्ष के दौरान लोक शिकायत सिरे से लोक शिकायत प्राप्त की गयी। उसका उत्तर तैयार करके शिकायकर्ता को भेज दिया गया।

अध्याय 9

उत्तर पूर्वी राज्यों के कार्यक्रम

विकलांग व्यक्तियों की अधिकारिता विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार हरेक विकलांग व्यक्ति की अधिकारिता की ओर केन्द्रित करता है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सभी राष्ट्रीय संस्थानों को निर्देश देता है कि वे विस्तार केन्द्र खोलें और उत्तर पूर्वी प्रान्तों के विकलांग व्यक्तियों के लिए अधिक कार्यक्रम शुरू करें। मंत्रालय के इन निर्देशन के अनुसार एनआईईपीएमडी ने क्रमशः स्पास्टिक सोसाइटी ऑफ सिक्किम और स्पास्टिक सोसाइटी ऑफ मणिपुर के सहयोग के साथ सिक्किम और मणिपुर में विस्तार केन्द्र खोले हैं। और साथ ही 2014–15 वर्ष के दौरान विकलांग व्यक्तियों की अधिकारिता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी किया। उत्तर पूर्वी राज्यों में चलाये गये कार्यक्रमों के विवरण नीचे दिये गये हैं।

9.1 मणिपुरः

9.1.1. विस्तार केन्द्रः

एनआईईपीएमडी ने मणिपुर में स्पास्टिक सोसाइटी ऑफ मणिपुर के सहयोग के साथ विस्तार केन्द्र का उद्घाटन करने के लिए 19 मई, 2014 को एक पत्रकारों की बैठक बुलायी। इस बैठक में मणिपुरी और अंग्रेजी के डीडी के इम्फाल, एनईटीवी, आईएसटीवी, इमेज टीवी, इम्पैक्ट टीवी और स्थानीय समाचार पत्र जैसे विभिन्न प्रिंट और इलैक्ट्रानिक माध्यमों के 18 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

9.1.2 फिल्मोत्सव :

एनआईईपीएमडी ने मल्टी मीडिया सेल, स्पास्टिक सोसाइटी ऑफ मणिपुर के सहयोग के साथ 20 मई, 2014 को जीएम हाल, मणिपुर में "विकलांगत की भिन्नता पर फिल्म दिखाना" का फिल्मोत्सव आयोजित किया। इस उत्सव में विकलांगों को चित्रित करनेवाली 12 राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय फिल्में दिखायी गयीं। संचार माध्यम, फिल्म भ्रातृत्व, विकलांग व्यक्ति, मणिपुर विश्वविद्यालय के मास कम्यूनिकेशन के छात्र, सरकारी अधिकारीगण लोक समाज के संगठन, एनजीओ, कला और संस्कृति का भ्रातृत्व, पेशेवरों और शिक्षकों पर लक्ष्य किया गया था। इस उत्सव में 500 से अधिक प्रतिभागी आये हुए थे। उक्त अवसर पर श्री रूपचन्द, संयुक्त सचिव, समाज कल्याण, मणिपुर सरकार, श्री रमेशचन्द्र, सचिव, कानून, मणिपुर सरकार, विभागाध्यक्ष, मास कम्यूनिकेशन, मणिपुर विश्वविद्यालय, विभिन्न विभागों के जिला स्तर के अधिकारी भी उपस्थित थे।

9.1.3 वितरण शिविर :

एनआईईपीएमडी ने पहली एमआर ग्राउण्ड, इम्फाल (मणिपुर) में 24 मार्च 2015 को "विकलांग व्यक्तियों के लिए साधनों और सहयोगशील उपकरणों का वितरण शिविर" का आयोजन किया। श्री ओ. इबोबा सिंह, माननीय मुख्यमंत्री, मणिपुर मुख्य अतिथि रहे। श्री थावर चन्द गहलोत, माननीय मंत्री, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार ने अध्यक्षता ग्रहण की। श्री एम. ओकेन्द्रो, शिक्षा मंत्री, मणिपुर सरकार और कुमारी एके. मीराबाई देवी, माननीय मंत्री, समाज कल्याण, मणिपुर सरकार आदि उक्त अवसर पर विशेष अतिथि थे। उस शिविर में 971 लाभार्थियों को 2055 साधन और उपकरण वितरित किये गये। शिविर के अंग के रूप में 24 मार्च 2015 को एनआईईपीएमडी ने एक पत्रकार सम्मेलन का आयोजन किया। श्री थावर चन्द गहलोत, माननीय मंत्री, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार ने पत्रकार अधिकारियों को भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं और अभिक्रमों का संक्षिप्त परिचय दिया।

9.2 सिक्किम :

9.2.1 विस्तार केन्द्र का उद्घाटन:

एनआईईपीएमडी ने स्पास्टिक सोसाइटी ऑफ सिक्किम, गैंगटॉक के सहयोग के साथ मिलकर गैंगटॉक में विस्तार केन्द्र शुरू किया। विस्तार केन्द्र का उद्घाटन समारोह 20 जनवरी 2015 को स्पास्टिक सोसाइटी ऑफ सिक्किम, गैंगटॉक में सम्पन्न हुआ। उक्त अवसर पर श्रीमती इन्द्रा प्रधान, अध्यक्षा, प्रान्तीय आयोग, समाज कल्याण विभाग, सिक्किम सरकार मुख्य अतिथि थीं।

9.2.2 अभिभावक प्रशिक्षण कार्यक्रम :

बहुविकलांग व्यक्तियों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए अभिज्ञा कार्यक्रम के एक अंग के रूप में स्पास्टिक सोसाइटी ऑफ सिक्किम, गैंगटॉक, सिक्किम में 23 मार्च 2015 को "बहुविकलांग बच्चों की पहचान और प्रबन्धन" पर एक दिवसीय अभिभावक प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया। इस कार्यक्रम को श्री टीका गुरूंग, परामर्शदाता, सामाजिक न्याय, अधिकारिता और कल्याण विभाग, सिक्किम सरकार ने उद्घाटित किया। डॉ. बी.पी. धकल, विभागाध्यक्ष, नेत्र चिकित्सा विज्ञान, एसएनडीटी अस्पताल, सिक्किम सरकार ने बहुविकलांगों के विभिन्न कारणों पर चर्चा की। उन्होंने बहुविकलांगों के कारणों का संक्षिप्त परिचय दिया और बहुविकलांगों के बच्चों पर फिल्में दिखायी गयीं।

इस सत्र के बाद श्री पी.एन. प्रधान, समन्वयक, एसएसए, एचआरडी विभाग, सिक्किम सरकार का साथ चला। उन्होंने शैक्षिक पुनर्वास और सम्मिलित शिक्षा के प्रतिभागियों को समझाया। एसएसए की पहुंच और विशेष माँगों के बच्चों के लिए विभिन्न प्रकारों का प्रावधान करने की संभावना पर संक्षेप में परिचय दिया। इस सत्र के बाद श्री अरूण गौतम, शारीरिक चिकित्सक बहुविकलांग बच्चों का प्रबन्धन, चिकित्सीय पुनर्वास के विशेष संदर्भ का सत्र हुआ। प्रतिभागियों को स्थान व्यवस्था और सुविधा देने की विभिन्न तकनीकों की व्याख्या हुई। इसके उपरान्त श्रीमती चन्द्रकला शर्मा – विकलांग व्यक्तियों की अधिकारिता और व्यावसायिक पुनर्वास पर व्यायवसायिक अनुदेशक और विशेष अनुदेशक का सत्र हुआ। श्री आर.पी. धकल, प्राचार्य, स्पास्टिक सोसाइटी ऑफ सिक्किम के धन्यवाद ज्ञापन के बाद यह कार्यक्रम समाप्त हुआ। इस कार्यक्रम में लगभग 33 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

9.2.3 विकलांग व्यक्तियों की खेलकूद प्रतियोगिता:

एनआईईपीएमडी ने स्पास्टिक सोसाइटी ऑफ सिक्किम के सहयोग के साथ टीएमएसएस ग्राउण्ड गैंगटॉक, सिक्किम में 23–24 मार्च, 2015 को द्विदिवसीय खेलकूद की प्रतियोगिता चलायी। श्री टीका गुरूंग, प्रधान परामर्शदाता, सामाजिक न्याय, अधिकारिता और कल्याण विभाग, सिक्किम सरकार ने उद्घाटित किया। श्रीमती इन्द्रा प्रधान, आयुक्त सामाजिक न्याय, अधिकारिता और कल्याण विभाग, सिक्किम सरकार, श्रीमती मनिता मंगल, आयुक्त, अन्य पिछड़ा समुदाय (ओबीसी) बोर्ड, सिक्किम सरकार, श्री के.बी. प्रधान, संयुक्त सचिव, सामाजिक न्याय, अधिकारिता और कल्याण विभाग, श्री सी.पी. धकल, आयुक्त,गैंगटॉक मुनिसिपल कार्पोरेशन, श्री बी.पी. धकल, विभागाध्यक्ष, नेत्र चिकित्सा विज्ञान, एसएनडीटी अस्पताल, गैंगटॉक और माननीय सचिव, स्पास्टिक सोसाइटी ऑफ सिक्किम, एसएसए ने संसाधन शिक्षकगण, विशेष मांगों के बच्चे, अभिभावक और अन्य अतिथि आदि महत्वपूर्ण लोग आये थे।

विकलांग के बारे में जागरूकता लाना और विकलांग व्यक्तियों की क्षमताओं का बोध कराना इस खेलकूद प्रतियोगिता का प्रमुख लक्ष्य है। विकलांग व्यक्तियों का विश्वास और क्षमता निरूपित करने का मंच खेलकूद है और आम जनता में विकलांगों के बारे में अभिज्ञा पैदा करना भी खेलकूद का लक्ष्य है। इन लक्ष्यों को प्रतिभागी विशेष माँगों के बच्चों में लाने के विचार से सिक्किम भर से लगभग 150 प्रतिभागियों को बुलाया गया। वे पंजीकृत हुए और टीएमएसएस मैदान में इकट्ठे हुए। परंपरागत रूप से मशाल जलाकर उद्घाटन हुआ, तत्पश्चात् मुख्य अतिथि श्री ठीका गुरूंग और अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तियों के भाषण हुए।

विशेष ओलम्पिक्स खेलकूद को क्रमानुसार चलाकर खेलकूद प्रतियोगिता चलायी गयी और वे ही नियम–विनियम अपनाये गये। खेलकूद और युवा मामलों का विभाग, सिक्किम सरकार इस उत्सव की साझेदार रही। विभाग ने विभिन्न वर्ग में अपने संसाधन व्यक्तियों के रूप में अपने भौतिक शिक्षा पेशेवरों को लगाया, व्यायामी, मैदानी और पथीय खेल चलाये गये।

कुछ खेलों का नाम है 100 मीटर दौड़, 50 मीटर दौड़, बोक्से, नरम गेंद फेंकना, शॉटपुट आदि चलाये गये। यह कार्यक्रम विभिन्न स्तरों पर और विभिन्न दलों के लिए दूसरे दिन भी चलाया गया और 24 मार्च 2015 के दोपहर 2.30 बजे करीब खत्म हुआ। 24 मार्च 2015 के 3.30 शाम को समापन समारोह चलाया गया। श्री सी. पी. धकल, आयुक्त, गैंगटॉक म्यूनिसिपल कार्पोरेशन, सिक्किम मुख्य अतिथि रहे और उपनिदेशक, खेलकूद और युवा मामलों का विभाग, सिक्किम सरकार और प्रान्त के समन्वयक, एसएसए, सिक्किम विशेष अतिथि थे। प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने विजेताओं और प्रतिभागियों को पदकें और प्रमाण पत्र वितरित किये। तत्पश्चात् सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रतिष्ठित व्यक्तियों के भाषण हुए। श्री बी.एस. सन्तोष कन्ना, पर्वतीय अधिकारी, सिक्किम, एनआईईपीएमडी, चेन्नई के धन्यवाद ज्ञापन के बाद कार्यक्रम समाप्त हुआ।

9.3 मेघालय

9.3.1 कार्यशाला

एनआईईपीएमडी ने बेतानी सोसाइटी, शिलांग के शिलांग मेघालय सहयोग के साथ मोरो इन्स्टिट्यूट ऑफ इन्टीग्रल सेन्टर, ब्रूकडेन, जोवाय रोड, शिलांग, मेघालय में 27 व 28 मार्च 2015 को ''बहुविकलांग की पहचान और प्रबन्धन'' पर एक कार्यशाला का आयोजन किया। लगभग 183 प्रतिभागी (41 पुरुष और 122 महिलाएँ) थे, जो एसएसए, एकत्रित शिशु विकासात्मक सेवाएँ (आईसीडीएस), समाज कल्याण विभाग और गैर सरकारी संगठनों के थे और वे विकलांगों के क्षेत्र में काम कर रहे हैं। कार्यशाला के प्रतिभागियों के ठहरने का इन्तज़ाम कार्य स्थल और बेतानी सोसाइटी में किया गया था।

श्रीमती ब्रिगेट वर्षोंग, सहायक आयुक्त, समाज कल्याण विभाग, मेघालय ने कार्यक्रम को उद्घाटित किया। श्री सज्जेद अली, द्वारजिंकिरमैन, एक वरिष्ठ पुनर्वास पेशेवर भी उद्घाटन के समय उपस्थित थे। बेतानी सोसाइटी के बच्चों ने अपनी पूरी शक्ति दिखाकर कई नृत्य प्रदर्शन द्वारा संगीत के साथ दिये। वहां एकत्रित अतिथियों ने तालियाँ बजाकर उद्घाटन सत्र का स्वागत किया।

एनआईईपीएमडी के कार्यकलापों के परिचय के साथ कार्यशाला सत्र शुरू हुआ। इसके उपरान्त प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात, स्वलीनता, बधिराँधता, मानसिक मंदन, राष्ट्रीय न्यास अधिनियम एवं यूएनसीआरपीडी पर जोर देते हुए कार्यशाला चली। हर सत्र के अन्त में प्रतिभागियों ने संबंधित पेशेवरों के साथ चर्चा की।

प्रतिभागियों ने ऐसी कार्यशाला चलाने के लिए अपनी कृतज्ञता प्रकट की और यह बात भी व्यक्त की कि मेघालय के विभिन्न स्थानों पर क्षेत्रीय भाषाओं जैसे खासी, गारो आदि में ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की आवश्यकता है। उक्त कार्यक्रम का श्री एस. शंकर नारायणन, उपकुलसचिव (प्रशासन), समन्वय किया और श्री डी. स्टालिन अरुल रीगन, विशेष शिक्षक (बधिराँधता) ने सहयोग दिया।

9.4 अरूणाचल प्रदेश:

9.4.1. सम्मेलन :

एनआईईपीएमडी ने सामाजिक न्याय और जंगली मामलों का विभाग, अरूणाचल प्रदेश के सहयोग के साथ 19 मार्च, 2015 को जूबिली बैंक्वेट हाल, ईटानगर में ''बहुविकलांगों पर क्षेत्रीय सम्मेलन'' का आयोजन किया। उक्त सम्मेलन में कुल 72 प्रतिभागियों ने भाग लिया। वे प्रतिभागीससर्व शिक्षा अभियान, रामकृष्णमिशन अस्पताल, अरुणाचल प्रदेश अंगहीन कल्याण समाज, प्रान्तीय अस्पताल के नर्स और डाक्टर थे।

माननीय मंत्री श्री लोवानडोंग, सामाजिक न्याय, अधिकारिता और जंगली मामलों का विभाग, ने उक्त एक दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। सुश्री कार्या बगंग, ससंदीय सचिव उपस्थित थीं। एनआईईपीएमडी के डॉ. जे. विजयलक्ष्मी, श्री पी.कामराज और श्री राजेश रामचन्द्रन (समन्वयक) उपस्थित थे। प्रो. पी. जयचन्द्रन उक्त कार्यक्रम के विशेष अतिथि थे। डॉ. जे. विजयलक्ष्मी ने एनआईईपीएमडी के लक्ष्यों को श्रोतागणों को संक्षेप में समझाया। प्रो. पी. जयचन्द्रन ने अपना वक्तव्य पेश किया।

9.5 त्रिपुरा

9.5.1 प्रशिक्षण कार्यक्रमः

एनआईईपीएमडी ने अभय मिशन, बिशालगढ़, अगरतला के सहयोग के साथ 29–31 दिसम्बर, 2015 को प्राथमिक स्कूल के शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया और विशेष शिक्षकों के लिए सीआरई कार्यक्रम भी चलाया। इस कार्यक्रम में लगभग 60 शिक्षकों ने भाग लिया।

9.5.2 जागरूकता कार्यक्रमः

उदयपुर, अगरतला में 2 जनवरी, 2015 को 'विकलांग बच्चों की पहचान' पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आशा के कर्मचारी, शिक्षक, उदयपुर के सरकारी प्रतिनिधि और त्रिपुरा के निकटस्थ इलाकों के प्रतिनिधि – कुल 120 लोग उपस्थित थे।

9.5.3 खेलकूद प्रतियोगिताः

एनआईईपीएमडी ने उदयपुर, त्रिपुरा में 3–4 जनवरी, 2015 को बहुविकलांग व्यक्तियों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता और बुद्धिमता क्षति का आयोजन किया। लगभग 200 प्रतिभागियों ने खेलकूद की विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

9.5.4 कार्यशाला:

एनआईईपीएमडी द्वारा 28 मार्च, 2015 को अगरतला में विकलांग व्यक्तियों का मूल्यांकन, मूल्य निर्धारण और प्रमाणन पर क्षेत्रीय स्तर की कार्यशाला आयोजित की गयी। उक्त कार्यक्रम में लगभग 290 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

9.6 आसाम :

भारत के उत्तर पूर्वी प्रान्तों में क्रियाशील वर्तमान सीबीआर कार्यक्रमों को और मबजूद बनाना एनआईईपीएमडी और पीवीवीआई का संयुक्त अभिक्रम है ताकि उत्तर पूर्वी क्षेत्र के बहुविकलांग बच्चों/बहुविकलांग के साथ नेत्रक्षति के बच्चों की सेवाएँ और विकसित की जा सकें। कई उत्तर पूर्वी प्रान्तों भर में काम करनेवाले सीबीआर समन्वयकों और सीबीआर कर्मचारियों की क्षमता बढ़ाना ही विकासशील सेवाओं की ओर एक मुख्य कदम होगा ताकि कार्यक्रम योजना, बच्चों की माँगों के अनुसार शैक्षिक सामग्रियों का प्रावधान और सेवा वितरण के मामलों में बेहतर स्तर की सेवाएँ प्रदाकन करने में सहायता मिले।

9.6.1 सीबीआर समन्वयकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम :

एनआईईपीएमडी, चेन्नई में राष्ट्रीय बहुविकलांग व्यक्ति अधिकारिता संस्थान (एनआईईपीएमडी) और पेर्किन्स वाणी और दृष्टि भारत (पीवीवीआई) के सम्मिलित तत्वाधान में 8 से 13 सितम्बर, 2014 तक उत्तर पूर्वी क्षेत्र के समुदाय आधारित पुनर्वास के समन्वयकों के लिए ''बहुविकलांग और अतिरिक्त विकलांगों के साथ दृष्टि क्षति'' पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

उक्त कार्यक्रम में 22 प्रतिभागियों (12 पुरूश और 10 महिलाएँ) ने भाग लिया जो आसाम, अरूणाचल प्रदेश, मीज़ोरम, नागालैंड और मेघालय का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सुबह के साथ में सिद्धान्त पक्ष और दोपहर के सत्र में व्यावहारिक और हस्त कार्य प्रशिक्षण पक्ष नियत हुए। उनको बहुविकलांगता और उसके सम्मिश्रण, कारण, शिक्षा, अन्य हस्तक्षेप पद्धतियों पर प्रशिक्षण दिये गये। एनआईईपीएमडी और पीवीवीआई के संबंधित विशेज्ञशों ने कार्यक्रम संभाला। बहुविकलांग बच्चों के लिए शीघ्र हस्तक्षेप और उसकी मुख्यता की भी व्यावहारिक निर्देशन द्वारा विस्तार से व्याख्या की गयी। प्रतिभागियों ने दैनिक जीवन, गति चलन और शिक्षा के कार्यकलापों को बढ़ाने के लिए घर पर और समुदाय में तैयार करने हेतु अनुकूलन पर प्रशिक्षण सत्र में भाग लिया। उक्त अवसर पर विभिन्न अधिनियमों, नीतियों और विधानों जैसे शिक्षा अधिनियम का अधिकार, राष्ट्रीय न्यास अधिनियम, यूएनसीआरपीडी एवं इंचियोन पद्धतियों पर कई सत्र हुए और चर्चाएँ भी हुईं। उनके क्षेत्र में बहुविकलांग व्यक्तियों के लिए वातावरण के अनुकूल बनने के लिए सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं पर एक प्रस्तुति प्रस्तुत की गयी। बहुविकलांग व्यक्तियों के हस्तक्षेप के लिए प्राप्य साधनों और उपकरणों तथा आईसीटी पर भी प्रशिक्षण सत्रों में चर्चा की गयी।

9.6.2 सीबीआर कर्मचारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम :

स्मुदाय आधारित पुनर्वास कर्मचारियों के लिए ''बहुविकलांग और अतिरिक्त विकलांगों के साथ नेत्र क्षति'' पर दो प्रशिक्षण कार्यक्रम 15 से 20 दिसम्बर, 2014 तक और 19 से 24 जनवरी 2015 तके पेर्किन्स वाणी और दृष्टि भारत, मुम्बई और शिशुसरोती, गुवाहाटी, आसाम के सहयोग से उत्तर पूर्वी धर्मप्रदेशी समाज सेवा सोसाईटी (एनआईईपीएमडी), गुवाहाटी, आसाम में हुए।

उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में 92 प्रतिभागी (43 पुरुष और 49 महिलाएँ) थे जो आसाम, मेघालय, अरूणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, नागालैंड, मणिपुर और मिज़ोरम का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सुबह सैद्धान्तिक सत्र था और दोपहर को व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्र था। उनको बहुविकलांगों के बारे में और स्थिति के अनुसार बनते उसके विभिन्न सम्मिश्रण, कारण, शिक्षा, अन्य हस्तक्षेप पद्धतियों को एनआईईपीएमडी, शिशुसरोती, आसाम और पेर्किन्स वाणी और दृष्टि भारत, मुम्बई के सम्बन्धित विशेषज्ञों ने प्रशिक्षण दिया।

9.6.3 कार्यशाला :

एनआईईपीएमडी ने ''बहुविकलांग व्यक्ति का प्रबन्धन'' विषय पर 11 से 20 मार्च, 2015 तक गुवाहाटी, शिवसागर, जोरहाट, गोलाघाट, तेजपुर और मोरीगाँव में कार्यशाला का आयोजन किया।

9.7 मीज़ोरम :

9.7.1 फिल्मोत्सव :

एनआईईपीएमडी सामाजिक कार्य विभाग और मीज़ोरम विश्वविद्यालय के साथ मिलकर "विकलांग और संबंधित मामले" पर फिल्मोत्सव आइस्वाल, मीज़ोरम में 23 से 25 मार्च, 2015 तक आयोजित किया। लगभग 602 प्रतिभागियों ने तीनों दिन के फिल्मोत्सव कार्यक्रम में भाग लिया।

अध्याय 10

विकलांग व्यक्तियों के लिए संयुक्त क्षेत्रीय केन्द्र

विकलांग व्यक्तियों के लिए संयुक्त क्षेत्रीय केन्द्र (सीआरसी) केरल के कोझिकोड में विकलांग मामलों का विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्थापित किया गया था। इसके द्वारा विकलांग व्यक्तियों के व्यापक पुनर्वासे देने का प्रावधान है। यह केन्द्र 2011 से एनआईईपीएमडी के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन समाज कल्याण काम्पलैक्स, वेल्लिमडुक्कुन्नु में कार्यरत है। यह सीआरसी का तकनीकी और मानवशक्ति प्रदान कर रहा है। सीआरसी – कोझिकोड के लक्ष्य निम्न प्रकार से है:

दल चिकित्सा में अभिभावकों को नेत्र–हाथ समन्वय क्षमता और मुड़ने की क्षमता के अनुरक्षण में अधिकार सिखाता जाता है

1. विकलांग व्यक्तियों को सेवाएँ प्रदान करने के लिए आवश्यक मानव संसाधन विकास के लिए सरकारी और गैर सरकारी क्षेत्रों के पुनर्वास पेशेवरों, ग्राम स्तर के कार्यकर्ताओं, बहु पुनर्वास कार्यकर्ताओं और अन्य अधिकारियों को विकलांग व्यक्तियों की सेवाएँ प्रदान करने के लिए प्रशिक्षण देने का काम करना।
2. अभिभावकों और समुदाय में जागरूकता पैदा करने के लिए लोक शिक्षा कार्यक्रम चलाना।
3. साधनों और उपकरणों के अभिकल्पन, गढ़ाई और जुड़न का काम करना।
4. समाज में रोजगारी, पुनर्वास, चलन गति, संचार, मनोरंजन और संघटन पैदा करने के मौके की वृद्धि के लिए शैक्षिक सेवाएँ और क्षमता–विकास का काम चलाना।

5. उक्त क्षेत्र के विकलांग की गहनता और प्रकृति को ध्यान में रखकर विकलांग लोगों के विभिन्न दलों की मांगों के निर्दिष्ट संदर्भों में अनुसंधान और विकास का काम करना।
6. क्षेत्र की सामाजिक – सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के उपयुक्त पुनर्वास सेवाएँ वितरित करने के लिए पद्धतियों का विकास करना।
7. स्वैच्छिक संगठनों, अभिभावक दलों और स्व–सहयोग दलों का उत्साह बढ़ाकर और सहयोग देकर सेवाओं की वृद्धि को प्रेरित करना।
8. ग्रामीण क्षेत्रों में विस्तार सेवाएँ प्रदान कर और समुदाय पर आधारित पुनर्वास के सिद्धान्तों को अपनाकर वर्तमान चिकित्सीय, शैक्षिक और रोजगार सेवाओं के साथ अनुबन्ध स्थापित करना।

"सबाध–क्रम" – एएसडी के बच्चों के लिए मोटर योजना में वृद्धि करने का कार्यकलाप

2014–15 वर्ष के दौरान विकलांग व्यक्तियों को दी गयी पुनर्वास सेवाओं के विवरण निम्नलिखित हैं।

सारणी 52 : 2014–15 वर्ष में सीआरसी – कोझिकोड में पंजीकृत लाभार्थी

लाभार्थी	2014 – 2015
नये लाभार्थी	658
अनुवर्ती सत्र	17503

सारणी 53 : विकलांग के संवर्ग

क्र.स.	संवर्ग	2014–15		कुल
		पुरुष	स्त्री	
01	एमआर	205	93	298
02	सीपी	4	6	10
03	एएसडी	18	5	23
04	एच	–	1	1
05	एमआई	5	6	11
06	ओएच	1	–	1
07	एमआर + वीआई	–	1	1
08	एमआर + एचआई	1	1	2
09	सीपी + एमआर	1	2	3
10	एएसडी + एमआर	12	7	19
11	एएसडी + वीआई	1	–	1
12	ओएच / सीपी + एमआर	13	6	19
13	सीपी+एमआर+वीआई	1	–	1
14	सीपी+एमआर+एचएल	–	1	1
15	सीपी + एमआर	16	6	22
16	सीपी + वीआई	–	1	1
17	विकासात्मक विलम्ब	11	8	19
18	अन्य (मन्द नौसिखिये, मनोवैज्ञानिक सेवाएँ)	148	77	225
	कुल	437	221	658

सारणी 54 : 2014–15 वर्ष में विभागवार नये लाभार्थी और अनुवर्ती लाभार्थी

विभाग	नये लाभार्थी	अनुवर्ती सत्र
	2014–15	2014–15
चिकित्सात्मक मनोविज्ञान	529	2807
अभिभावक परामर्श	320	604
भौतिक चिकित्सा	91	3496
व्यावसायिक चिकित्सा	120	3017
विशेष शिक्षा	101	3356
वाणी, भाषा और संचार	145	4004
दल चिकित्सा	–	219
कुल	1306	17503

10.1 मोबाइल सेवाएँ :

2014–15 वर्ष में निम्नलिखित संख्या के लाभभोगियों को मोबाइल सेवाओं द्वारा पुनर्वास दिया गया।

सारणी 55 : मोबाइल सेवा द्वारा पुनर्वास प्राप्त लाभार्थियों की संख्या

क्र.स.	सेवा प्रकार	नये लाभार्थी	अनुवर्ती
		लाभभोगियों की संख्या	
01	मनोविज्ञान	502	167
02	भौतिक चिकित्सा	407	123
03	विशेष शिक्षा	442	106
04	वाणी, भाषा और संचार	376	183
	कुल	1727	579

वेल्लिमडुक्कुन्नु, कोझिकोड में सरकारी बृहगृह में एडीआईपी के दौरान भौतिक चिकित्सक माँसपेशियों का मूल्यांकन करते हुए।

सेवयूर, केरल में एडीआईपी वितरण शिविर

सारणी 56 : एडीआईपी योजना के अधीन मूल्यांकित और लाभ प्राप्त लाभभोगियों की संख्या

क्र.स.	विभाग/इकाई	लाभभोगियों की संख्या		कुल
		पुरूष	स्त्री	
01	मन से अक्षम	675	374	1049
02	भौतिक अक्षम	303	184	487
03	दृष्टि अक्षम	258	123	381
04	श्रवण अक्षम	272	227	499
	कुल	1508	908	2416

कण्णूर जिला में एक एडीआईपी वितरण शिविर में मानसिक मंदन के एक बच्चे को टीएलएम का थैला वितरण

आईयूसीडीएस, एमजी विश्वविद्यालय, कोट्टयम में पीडब्ल्यूएमडी के सामाजिक भावुक पहलुओं पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम

सारणी 57 : 2014–15 वर्ष में चलाये गये अल्पकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम

क्र. स.	दिनांक	विषय	कुल
1	25–27 जून, 2014	पीडब्ल्यूएमडीओ के कानूनी अधिकार और एडीआईपी योजना का उपयोग	46
2	22–25 जुलाई, 2014	विकलांग बच्चों के लिए सकल, महीन, मोटर और संवेदी क्षमताओं की सुविधा देने के लिए निम्न मूल्य सामग्रियाँ, चेन्नई	15
3	19–21 अगस्त, 2014	केई साफिया आत्म विमोह केन्द्र, नया माहे, केरल में खेल द्वारा संज्ञानात्मक विकास और भाषा उत्तेजना	42
4	24–26 सितम्बर, 2014	वयनाडु, केरल में आत्म विमोह वर्णक्रम अव्यवस्थाओं पर एक अन्तर्दृष्टि	44
5	23 अक्टूबर, 2014	पीडब्ल्यूओ का व्यावहारिक प्रबन्धन, वडकरा, कोझिकोडु	84
6	27–29 अक्टूबर, 2014	ब्रेइल, अबाकस, दिग्विन्यास और चलन गति, कैप्स विशेष विद्यालय, कण्णूर जिला, केरल	42
7	26–28 नवंबर, 2014	पुनर्वास पेशेवरों के लिए विकलांग बच्चों को प्रशिक्षण देने के लिए निम्न मूल्य सामग्रियां	39
8	4 दिसम्बर 2014	व्यावहारिक और समाज विरोधी समस्याओं के बच्चों के प्रबन्धन में रखवालों और सहायक रखवालों को प्रशिक्षण	60
9	10–12 दिसंबर, 2014	बहुविकलांग बच्चों के लिए दैनंदिन जीवन प्रशिक्षण के कार्यकलाप, पन्निकोडु, कोझिकोडु	40
10	22–24 दिसंबर, 2014	अधिगम अक्षमता में पेशेवरों के अभिगम की भूमिका, मन्नारकाडु, पालक्काडु जिला, केरल	42

11	14 जनवरी, 2015	मेडिकल बोर्ड सर्टिफिकेट के लिए आईक्यू मूल्यांकन, कुन्नमंगलम्, कोझिकोडु जिला, केरल	42
12	20 जनवरी, 2015	मूल्यांकन और गृह प्रशिक्षण कार्यक्रम, बेकल बीआरसी, कासरगोडु जिला, केरल	10
13	22 जनवरी, 2015	प्राविडेन्स वुमेन कालेज, कोझिकोडु के अन्तिम वर्ष के छात्रों को विकलांग के क्षेत्र में पुनर्वास व्यवसायों की संभावना और विकलांग पर दिग्विन्यास	125
14	10–12 फरवरी, 2015	विकलांग बच्चों में समस्या व्यवहार और मानसिक स्वास्थ्य के मामलों पर बर्ताव करना	40
15	9 फरवरी, 2015	सेन्ट जोसफ कॉलेज, कोझिकोडु को परिचय पर दिग्विन्यास कार्यक्रम	87
16	21 फरवरी, 2015	सीआरसी – के सेवाओं की प्रभावी उपयोग पर अभिभावक प्रशिक्षण कार्यक्रम	73
17	23 फरवरी, 2015	विकलांग व्यक्तियों के प्रबन्धन में आंगनवाड़ी कर्मचारियों की भूमिका पर दिग्विन्यास कार्यक्रम	150
18	25 फरवरी, 2015	गतिविषयक विकलांग की शीघ्र पहचान पर दिग्विन्यास कार्यक्रम	54
19	25–27 फरवरी, 2015	विकासात्मक विकलांग पर चिकित्सायी पहलू, कासरगोड जिला, केरल	41
20	6 मार्च, 2015	विकलांगों पर शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम, कोझिकोडु	6
21	6–7 मार्च, 2015	विकलांग व्यक्तियों का मूल्यांकन और प्रबन्धन, गूडलूर जिला	14
22	17 मार्च, 2015	विकलांगों की शीघ्र पहचान पर आंगनवाड़ी के कर्मचारियों को दिग्विन्यास, पेरम्ब्रा	72
23	16 मार्च, 2015	विकलांग व्यक्तियों का मूल्यांकन और प्रबन्धन, गूडलूर जिला	9
24	31 मार्च, 2015	विकलांगों पर अभिभावक प्रशिक्षण कार्यक्रम	73
		कुल	1250

पण्णिकोडु में विकलांग बच्चों का एडीएल प्रशिक्षण, कोझिकोडु जिला

अध्याय 11

लेखापरीक्षा रिपोट & वार्षिक लेखा

वर्ष 2014-15 में 22.75 करोड़ रुपये प्राप्त हुए, उसमें वर्ष 2013-14 का अंतिम शेष 2.64 करोड रुपये था। 9.29 करोड़ रुपये सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार से सहायक अनुदान के रूप में प्राप्त हुआ और वर्ष 2014-15 में 10.82 करोड़ रुपये शिक्षण शुल्क, पंजीकरण शुल्क अतिथि गृह शुल्क और आवेदन पत्र शुल्क तथा आरआईपी परिपक्वता और बचत बैंक जमा पर ब्याज आदि प्राप्तियाँ जमा हुईं। वर्ष 2014-15 के दौरान 19.68 करोड़ रुपये आवर्ती और अनावर्ती खर्च हुए और 31 मार्च 2015 को अंतिम शेष 3.07 लाख रुपये रहा जो वर्ष 2015-16 के लिए अधिशेष के रूप में लिया जायेगा।

सी. & ए.जी. (डीपीसी) अधिनियम 1971 की धारा 20(1) की शर्त पर सीएजी, नई दिल्ली ने एनआईईपीएमडी के वार्षिक लेखों की लेखा परीक्षा करने को 2006–2011 तक 5 वर्ष की अवधि के लिए न्यस्त किया। वित्तीय वर्ष 2010-2011 से 2015-16 तक 5 वर्ष की अवधि तक की वार्षिक लेखा परीक्षा वित्त मंत्रालय ने वित्तीय मामला विभाग देखिए ओ.एम.सं.1(16)-बी(आर)/2011 दिनांक 27.07.2011, लेखा परीक्षा महानिदेशक (केन्द्र), चेन्नै को दी गयी है। इसके अनुसार, एनआईईपीएमडी के वार्षिक लेखों की लेखा परीक्षा डीएजी(सी) कर रहा है।

वित्तीय वर्ष 2014-15 के लिए, लेखा विवरण, तुलन पत्र, आय & व्यय विवरण, और प्राप्तियाँ तथा प्रतिभूतियों का विवरण आदि का लेखा परीक्षित विवरण लेखा परीक्षा महानिदेशक (केन्द्र) चेन्नै को सौंपा गया। लेखा परीक्षा महानिदेशक (केन्द्र), चेन्नै द्वारा नियुक्त लेखा परीक्षा दल ने एनआईईपीएमडी से 19.10.2015 से 30.10.2015 तक लेखा परीक्षा के लिए भेंट की। वित्तीय वर्ष 2014-15 के लिए संस्थान के लेखा परीक्षा रिपोट, लेखा परीक्षा प्रमाण पत्र और प्रमाणित लेखा DGA (C)/CAB/I/28-83/2015-16/202 से प्राप्त होना बाकी तारीख 04.03.2016 है। लेखा और लेखा परीक्षा का सारांश नीचे दिया गया है:

सत्यमेव जयते

प्रधान निदेशक लेखा परीक्षा (केंन्द्रीय) चेन्नै का कार्यालय
"लेखा परीक्षा भवन", 361, अण्णा सालै, तेनामपेट, चेन्नै-600 018
OFFICE OF THE DIRECTOR GENERAL OF AUDIT (CENTRAL)
Chennai
"Lekha Pariksha Bhavan", 361, Anna Salai, Teynampet, Chennai-600 018.

No. DGA(C)/CAB/I/28-83/2015-16/202

दिनांक : 04.03.2016

सेवा में

सचिव, भारत सरकार,
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय,
कमरा सं. 613-ए - विंग, शास्त्री भवन,
नई दिल्ली - 110 001.

महोदय,

विषय : राष्ट्रीय बहुविकलांग व्यक्ति अधिकारिता संस्थान (NIEPMD), मुत्तुक्काडु, चेन्नै के 2014-15 वर्ष के लिए अलग लेखा-परीक्षा रिपोरट।

मैं राष्ट्रीय बहुविकलांग व्यक्ति अधिकारिता संस्थान (NIEPMD), मुत्तुक्काडु, चेन्नै के 2014-15 वर्ष के लिए अलग लेखापरीक्षा रिपोर्ट लेखा विवररणों के साथ प्रेषित कर रहा हूँ। संसद को अलग लेखा परीक्षा रिपोर्ट के साथ लेखे के प्रस्तुतीकरण की तारीख इस कार्यालय को सूचित किया जाए।

इस पत्र की और संलग्नकों की प्राप्ति की पावती भेजी जाए।

भवदीय

हस्ताक्षर
निदेशक/सीई

दूरभाष / Phone : 044-2431 6400

फैक्स / Fax : 044-2433 8924

तार / E-mail : dgacchennai@cag.gov.in

Endt. No. DGA(C)/CAB/I/28-83/2015-16/204 दिनांक : 04.03.2016

